वर्ष : 34 | अंक : 269 | मुंबई, शनिवार, 6 दिसंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित




# DBD
# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


## महापरिनिर्वाण दिवस

पर विनम्र अभिवादन

"मनुष्य नश्वर है। विचार भी नश्वर हैं। एक विचार को प्रचार-प्रसार की उतनी ही आवश्यकता होती है जितनी एक पौधे को पानी की। अन्यथा दोनों ही मुरझाकर मर जाएँगे।"

**डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर**

## 4 दिन में 1700+ फ्लाइट रद्द

# बैकफुट पर सरकार




### एयरलाइन के सीईओ ने माफी मांगी

- डीजीसीए ने वीकली रेस्ट नियम वाला आदेश तत्काल प्रभाव से वापस लिया
- शुक्रवार को 1000 से ज्यादा उड़ान सेवाएं रद्द, एयरपोर्ट्स पर मारपीट के हालात
- इंडिगो की देरी के कारणों की होगी जांच, डीजीसीए ने गठित की चार सदस्यीय कमेटी

एजेंसी | नई दिल्ली

**देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की पिछले 4 दिनों में 1700 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल होने के बाद केंद्र सरकार शुक्रवार को बैकफुट पर आ गई है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने एयलाइंस, खासकर इंडिगो को 10 फरवरी 2026 तक अस्थायी राहत दी है। वीकली रेस्ट के बदले कोई भी छुट्टी नहीं देने के फैसले को वापस ले लिया। इंडिगो का कहना है कि फ्लाइट ऑपरेशन नॉर्मल होने में 15 दिसंबर तक का समय लगेगा। साथ ही सिविल एविएशन मिनिस्टर ने सभी एयरलाइंस कंपनियों को फ्लाइट कैंसिल होने पर खुद पूरा रिफंड देने का निर्देश दिया है। साथ ही फंसे लोगों को होटल में ठहरने के लिए उचित व्यवस्था करने को कहा है।**

### 4 सदस्यीय कमेटी का गठन, 15 दिन में देगी रिपोर्ट

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पूरे मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिट के नए नियमों अनुपालन में इंडिगो में हुई देरी के कारणों के पता लगाने के साथ ही आगे इसके लागू करने की तैयारियों की समीक्षा भी करेगी। कमेटी को 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया है।

**DBD इंफो:** इंडिगो के पास सबसे ज्यादा 434 विमान हैं। एक दिन में 2300 से ज्यादा उड़ानें हैं। देश की 60% से अधिक घरेलू उड़ानें इसी के पास हैं। अभी इसके पास 5456 पायलट और 10212 केबिन क्रू मेंबर हैं। 41 हजार से ज्यादा स्थायी कर्मचारी हैं।

### शुक्रवार को 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द

एयरलाइन इंडिगो ने शुक्रवार को 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी हैं। यह जानकारी इंडिगो सीईओ पीटर एल्बर्स ने दी है। उन्होंने कहा कि यह कुल दैनिक उड़ानों की आधी संख्या है। हालांकि, इंडिगो सीईओ ने यह भी कहा कि हमें उम्मीद है शनिवार को रद्द होने वाली उड़ानों की संख्या 1000 से कम रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए माफी मांगी और 10 से 15 दिसंबर के बीच उड़ानों की स्थिति सामान्य होने की उम्मीद जताई।

### क्यों बढ़ी समस्या?

इंडिगो का संकट उन नए नियमों से खड़ा हुआ जिनके तहत पायलटों के साप्ताहिक आराम की जरूरत के समय को 12 घंटे से बढ़ाकर 48 घंटे कर दिया गया। साथ ही सप्ताह में केवल दो बार रात में लैंडिंग की अनुमति दी गई है, जो पहले छह हुआ करती थी। इंडिगो ने इन व्यवधानों के लिए गलत फैसलों और योजनागत कमियों को जिम्मेदार ठहराया है।



"इंडिगो का संकट इस सरकार के 'एकाधिकार मॉडल' का परिणाम है। उड़ानों में देरी व उनके रद्द होने से एक बार फिर इसकी कीमत आम भारतीयों को चुकानी पड़ रही है।"

**राहुल गांधी, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष**



"हमें उम्मीद है कि अगले तीन दिन में सेवाएं पूरी तरह बहाल हो जाएंगी। विभिन्न परिचालनात्मक कदमों की शुरुआत के साथ शनिवार तक सेवाएं सामान्य हो जाने की उम्मीद है। नए उड़ान शुल्क मानदंडों को स्थगित रखा जा रहा है और परिचालन को सामान्य बनाने के लिए अन्य परिचालनात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। सरकार ने इंडिगो की उड़ानों में व्यवधान के कारणों का पता लगाने और जवाबदेही तय करने के लिए उच्च-स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। उड़ान ड्यूटी मानदंडों में ढील देते हुए डीजीसीए ने छुट्टियों के स्थान पर साप्ताहिक विश्राम अवधि की अनुमति दे दी।"

**के. राममोहन नायडू, नागर विमानन मंत्री**

### आप बीती

इंडिगो के यात्रियों की परेशानी कम होती नहीं दिख रही हैं। कई यात्रियों की शिकायत है कि एयरलाइन अभी भी उन्हें फ्लाइट में देरी और कैंसलेशन के बारे में नहीं बता रही है, जिससे यात्रा का खर्च बढ़ रहा है। मुनीब चौरसिया की गुरुवार को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से मुंबई के लिए एक दोस्त और उनकी मां के साथ फ्लाइट थी। लेकिन जब वह शाम 4 बजे की फ्लाइट लेने के लिए गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचे, जो उनके घर से 44 किलोमीटर दूर है, तो उन्हें बताया गया कि फ्लाइट में देरी हो रही है। रात 9 बजे एयरलाइन ने उन्हें बताया कि फ्लाइट कैंसल कर दी गई है और शुक्रवार के लिए रीशेड्यूल कर दी गई है। शुक्रवार को जब चौरसिया एयरपोर्ट पहुंचे, तो उन्हें फिर से बताया गया कि फ्लाइट कैंसल हो गई है। मुनीब चौरसिया ने कहा कि यह मुंबई जैसा नहीं है जहां अच्छा पब्लिक ट्रांसपोर्ट है। अकेले एयरपोर्ट आने में ही एक तरफ का 2,000 रुपये का खर्च आता है। मैंने यह यात्रा चार बार की (दो बार आने-जाने का) जिसमें मेरे 8,000 रुपये लगे और मुंबई का मेरा टिकट 10,000 रुपये का था। परेशान होकर उन्होंने इंडिगो से पूरा रिफंड मांगा और मुंबई के लिए ट्रेन टिकट बुक किए, क्योंकि दूसरी एयरलाइन्स का किराया 53,000 रुपये प्रति व्यक्ति तक बढ़ गया है। चौरसिया ने कहा कि सिर्फ मेरी फ्लाइट ही लेट नहीं हुई। एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मची हुई है।

# वीवीएमसी सहायक आयुक्त गिरफ्तार




ओपी यादव | विरार

विरार पूर्व के विजयनगर इलाके में तीन महीने पहले गिरी अनधिकृत 4 मंजिला रमाबाई अपार्टमेंट इमारत हादसे में 17 लोगों की मौत हुई थी। इसी मामले में अपराध शाखा ने वसई-विरार महानगर पालिका (वीवीएमसी) के प्रभाग (सी) के सहायक आयुक्त गिल्सन गोन्साल्विस को गुरुवार देर रात गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गोन्साल्विस ने मई 2025 में इमारत की खराब स्थिति देखते हुए नोटिस तो जारी की थी, लेकिन न तो इमारत खाली कराई गई और न ही बिल्डर पर एमआरटीपी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। अदालत ने उन्हें 10 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शाहूराज रणवरे ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

रमाबाई अपार्टमेंट में लगभग 50 फ्लैट थे और निर्माण के कुछ ही वर्षों में इमारत जर्जर हो गई थी। बिल्डर पर आरोप है कि उसने फ्लैट खरीदारों को इमारत वैध बताकर गुमराह किया था, जिसके आधार पर पुलिस ने पहले ही बिल्डर नितल साने, जमीन मालिक सहित पांच लोगों पर मामला दर्ज किया था। इनमें से चार को जमानत मिल चुकी है जबकि विकासक नितल साने अभी भी जेल में है।

### 4 हजार पन्नों का आरोपपत्र दाखिल

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की अपराध शाखा यूनिट-3 ने विस्तृत जांच के बाद 4 हजार पन्नों का आरोपपत्र अदालत में दाखिल किया है। पुलिस का मानना है कि सहायक आयुक्त की लापरवाही और प्रशासनिक कार्रवाई में देरी ने इस हादसे को गंभीर रूप दिया, जिसके चलते आगे भी कई अधिकारियों से पूछताछ की संभावना है।

## ब्रीफ न्यूज़

### सड़क हादसों में मौतें 2.3 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत में सड़क हादसों में जान गंवाने वालों की संख्या में चिंताजनक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को संसद में दिए लिखित जवाब में बताया कि 2024 में सड़क हादसों में हुई मौतों का आंकड़ा 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख के पार पहुंच गया है, जबकि 2023 में यह 1.72 लाख थी। देश में हर दिन 485 लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवा रहे हैं। नितिन गडकरी ने बताया कि भारत में प्रति लाख आबादी पर सड़क हादसों में मृत्यु दर 11.89 प्रतिशत है, जबकि चीन में 4.3 और अमेरिका में 12.76 है।

### 21 दिसंबर को हो मतगणना : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि नगर पंचायत और नगर परिषद चुनाव की मतगणना 21 दिसंबर को ही होनी चाहिए। इसके पहले सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय निकाय चुनाव को 31 जनवरी, 2026 तक संपन्न कराने का आदेश दिया था। राज्य में 2 दिसंबर को 264 नगर पंचायत और नगर परिषद के चुनाव हुए थे। हालांकि, सही समय पर राज्य चुनाव आयोग ने कुछ नगर पालिकाओं और वार्डों में मतदान 20 दिसंबर तक टाल दिया था।

## चुनाव कार्य करने से इनकार करने वाले कर्मचारियों को नोटिस भेजने का आदेश

धीरज सिंह | मुंबई

मुंबई महानगरपालिका ने आगामी नगर निगम चुनावों की तैयारियाँ तेज़ कर दी हैं, जिसके लिए बड़ी संख्या में कर्मचारियों की आवश्यकता है। कई विभागों के कर्मचारी चुनावी ड्यूटी से असंतोष जता रहे हैं, जिस पर अतिरिक्त महानगरपालिका आयुक्त डॉ. अश्विनी जोशी ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य से इनकार करने वाले कर्मचारियों को नोटिस दिया जाए, क्योंकि आठ वर्षों बाद हो रहे इस चुनाव को पूरी गंभीरता और कड़ाई से सम्पन्न करना आवश्यक है।



### मतदाताओं की तस्वीरों के आधार पर दोबारा जाँच शुरू

नगर निगम प्रशासन ने चुनाव प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए मतदाताओं की तस्वीरों के आधार पर पुनः सत्यापन का काम शुरू कर दिया है। इससे पहले कर्मचारी घर-घर जाकर मतदाता सूची में त्रुटियाँ सुधारने का काम कर रहे थे। कर्मचारियों ने चुनावी ड्यूटी न देने की मांग को लेकर आयुक्त को पत्र भी भेजा था, लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बड़ी जनशक्ति की आवश्यकता होने के कारण विभिन्न विभागों को चुनावी कार्य में लगाया जाएगा। 10 दिसंबर के बाद डुप्लीकेट नाम वाले मतदाताओं के घर जाकर जाँच की जाएगी।

### चुनावी तैयारी के लिए अधिकारियों की बैठक

मतदाता सूची के प्रारूप की समीक्षा बैठक में डॉ. जोशी ने सभी निर्वाचन अधिकारियों, संयुक्त आयुक्तों, उपायुक्तों और सहायक आयुक्तों को आपसी समन्वय बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वार्ड स्तर पर प्राप्त आपत्तियों और सुझावों का स्थल निरीक्षण किया जाए और आवश्यक कार्रवाई की जाए। खाली किए गए भवनों में मौजूद पूर्व मतदान केंद्रों के बदले नए केंद्र बनाए जाएँ और सोसाइटी आधारित केंद्रों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और चुनाव से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

**जैव चिकित्सा अपशिष्ट निपटान मामला**

## केईएम, नायर और कूपर को एमपीसीबी का नोटिस

**मुंबई।** मुंबई नगर निगम के केईएम, नायर और कूपर अस्पतालों में बायोमेडिकल कचरे का उचित तरीके से निपटान न किए जाने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए, महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी) ने इन अस्पतालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिकायत सही पाए जाने पर बोर्ड ने केईएम, नायर और कूपर अस्पतालों को नोटिस जारी किया। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को शिकायत की गई थी कि मुंबई नगर निगम के केईएम, नायर और कूपर अस्पतालों में जैव-चिकित्सा अपशिष्ट का उचित निपटान नहीं किया जा रहा है। सूचना अधिकारी कार्यकर्ता चेतन कोठारे ने सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत इस शिकायत पर बोर्ड द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में जानकारी मांगी थी। इसके बाद, निगम ने केईएम और नायर अस्पतालों का दौरा किया। जवाब में बताया गया कि बोर्ड ने इन अस्पतालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का फैसला किया है।






**शिखर वार्ता** | भारत-रूस ने किया आर्थिक गठजोड़ का सुपर स्ट्रैटेजिक डील

# आठ दशक पुरानी दोस्ती को नई उड़ान

- भारत और रूस ने पंचवर्षीय रणनीतिक योजना पर सहमति जताई
- स्वास्थ्य और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के कई समझौतों पर हस्ताक्षर

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत और रूस ने वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों और अमेरिकी प्रतिबंधों के दबाव के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने के लिए एक नई पंचवर्षीय आर्थिक योजना पर सहमति जताई है। दिल्ली में हुई शिखर वार्ता के बाद दोनों देशों ने स्पष्ट संदेश दिया कि उनकी साझेदारी बाहरी परिस्थितियों से नहीं डिगती।



### आर्थिक साझेदारी को नई दिशा

शिखर वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए; जिनमें स्वास्थ्य, गतिशीलता, ऊर्जा और लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने वाले समझौते प्रमुख हैं। पीएम मोदी ने कहा कि गत आठ दशकों में दुनिया ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। मानवता को अनेक चुनौतियों और संकटों से गुजरना पड़ा है।

### यूक्रेन युद्ध पर भारत का स्पष्ट रुख

वार्ता के दौरान यूक्रेन युद्ध सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में शामिल रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम इस मामले के शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं। भारत हमेशा अपना योगदान देने के लिए तैयार रहा है और भविष्य में भी ऐसा ही करता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद का मुद्दा भी उठाया। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खतरे पर कहा कि भारत और रूस लंबे समय से इस खतरे के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने कहा, चाहे पहलगाम में आतंकवादी हमला हो या क्रोकस सिटी हॉल पर कायरतापूर्ण हमला इन सभी घटनाओं की जड़ एक ही है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत का यह दृढ़ विश्वास है कि आतंकवाद मानवता के मूल्यों पर सीधा हमला है और इसके खिलाफ वैश्विक एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

# घोडबंदर रोड योजना युद्ध स्तर पर पूर्ण हो: परिवहन मंत्री

## विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे महानगर पालिका परिसर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के लिए राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने ठाणे मनपा मुख्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में फाइनल स्टेज के प्रोजेक्ट 15 दिसंबर तक पूरे करने और घोडबंदर सर्विस रोड कनेक्शन, अमृत वॉटर पाइपलाइन तथा महावितरण चैनलों को दूसरी जगह स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए।

### मीटिंग में शामिल वरिष्ठ अधिकारी

ठाणे म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन मुख्यालय में आयोजित रिव्यू मीटिंग में म्युनिसिपल कमिश्नर सौरभ राव, एडिशनल कमिश्नर प्रशांत रोडे, डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (ट्रांसपोर्ट) पंकज शिरसाट, सिटी इंजीनियर प्रशांत सोनागरा समेत MMRDA, मेट्रो, पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट और डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ऑफिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### घोडबंदर रोड सर्विस रोड कनेक्शन

घोडबंदर रोड पर सर्विस रोड जोड़ने का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। ट्रांसपोर्ट मंत्री ने निर्देश दिए कि एमएमआरडी, बिजली विभाग, जल विभाग, मेट्रो अथॉरिटी और ट्रैफिक पुलिस मिलकर 15 जनवरी तक यह काम पूरा करें। ट्रैफिक जाम से नागरिकों को परेशानी न हो, इसके लिए रीजनल ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की पांच टीमों को ट्रैफिक पुलिस के सहयोग में लगाया जाएगा।



### डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स और फंडिंग

राज्य के डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे ने ठाणे शहर में विभिन्न विकास कार्यों के लिए फंड प्रदान किया है। इन फंडों के तहत कुल 67 कुओं को फिर से सक्रिय किया जा रहा है ताकि उनका पानी पीने योग्य बनाया जा सके। इसके अलावा श्मशान घाटों को मॉडर्न तरीके से सजाया गया है और पालतू जानवरों के लिए एक अलग श्मशान घाट भी बनाया गया है।

### सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर और जॉगिंग ट्रैक

ठाणे शहर में नागरिकों के लिए सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास जारी हैं। बालासाहेब ठाकरे डिजिटल एक्वेरियम और जॉगिंग ट्रैक्स जैसे प्रोजेक्ट्स तैयार किए जा रहे हैं, जिससे सुबह की सैर करने वाले लोगों को बेहतर अनुभव मिल सके। मंत्री प्रताप सरनाइक ने इन सुविधाओं पर वैज्ञानिक और मॉडर्न तरीकों के उपयोग पर जोर दिया।

# अंबा घाट में बस खाई में गिरी, 15 घायल

**डीबीडी संवाददाता | रत्नागिरी**

रत्नागिरी जिले के अंबा घाट पर शुक्रवार को एक निजी बस लगभग 70 फीट गहरी खाई में गिर गई, जिससे कम से कम 15 लोग घायल हो गए। इनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों का इलाज रत्नागिरी के सरकारी अस्पताल में किया जा रहा है। घटना की जांच देवरुख पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर उदय झावरे ने बताया कि बस में लगभग 100 यात्री सवार थे। ड्राइवर ने अंबा घाट के एक तेज़ मोड़ पर नियंत्रण खो दिया। घायल सभी यात्री नेपाल से आए थे और रत्नागिरी के आम बागों में काम करने जा रहे थे। गंभीर रूप से घायल 4-5 लोग हैं।



### राहत कार्य और जांच

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बस मध्यप्रदेश से रत्नागिरी जा रही थी। कोहरे के कारण ड्राइवर ने बस पर नियंत्रण खो दिया और बस एक बड़े पेड़ से टकरा कर रुकी, जिससे और नीचे खाई में गिरने से बच गई। सूचना मिलते ही पुलिस, स्थानीय ग्रामीण और इमरजेंसी टीम ने मिलकर यात्रियों को सुरक्षित निकालकर अस्पताल पहुंचाया। घटना की जांच जारी है।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी दूर करने के लिए आयुक्त मनीषा अव्हाले का निरीक्षण

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर के प्रशासक एवं मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न हिस्सों का दौरा कर मतदाता सूचियों पर प्राप्त बड़ी संख्या में आपत्तियों का जायजा लिया। वार्डवार सत्यापन दलों के साथ निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को मतदाता सूची में पाई गई त्रुटियों को दूर करने और आपत्तियों का समुचित समाधान करने के स्पष्ट निर्देश दिए। यह कार्रवाई 2025-2026 के आम चुनावों की पृष्ठभूमि में सूची में अनियमितताओं की शिकायतों के बाद की गई।

### सत्यापन टीमों के साथ भौतिक निरीक्षण



आयुक्त अव्हाले ने अतिरिक्त आयुक्त डॉ. किशोर गवास, उपायुक्त (चुनाव), सहायक आयुक्त और अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर वार्ड की सीमाओं और मतदाताओं के नामों का भौतिक निरीक्षण किया। राज्य चुनाव आयोग ने 4 दिसंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मनपा प्रशासन को आपत्तियों का तुरंत समाधान करने का आदेश दिया था, जिसे लागू कराने के लिए आयुक्त ने टीमों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

# ठाणे में बनेगा मनपा का तीसरा नाट्यग्रह

## डिप्टी चीफ़ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे करेंगे शिलान्यास

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणेकरों के लिए घोडबंदर रोड, वाघबिल में तीसरा थिएटर बनाने की योजना है। 7,350 वर्ग मीटर में बनने वाला यह बड़ा थिएटर गणेश गडकरी रंगायतन और डॉ. काशीनाथ घनेकर थिएटर के बाद ठाणे के निवासियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त मनोरंजन का अवसर देगा। इस थिएटर का शिलान्यास राज्य के डिप्टी चीफ़ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे करेंगे।



### अधिकारियों की तारीफ़ और स्थानीय विकास

मीटिंग में यह भी बताया गया कि घोडबंदर रोड पर विभिन्न अथॉरिटीज़ द्वारा किए जा रहे विकास कार्य अच्छे तरीके से चल रहे हैं। ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर प्रताप सर नाइक ने ठाणे म्युनिसिपल कमिश्नर सौरभ राव और सभी संबंधित अधिकारियों की तारीफ़ की, साथ ही स्थानीय लोगों के लिए इन परियोजनाओं के फ़ायदों पर जोर दिया।

### मीटिंग में अन्य विकास परियोजनाओं का रिव्यू

ठाणे महानगर पालिका मुख्यालय में आयोजित बैठक में ओवला-मजीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के वर्तकनगर, नागलाबंदर क्रीक ब्यूटीफिकेशन और मैंग्रोव गार्डन की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही धर्मवीर आनंद दिघे जिमखाना, अप्पासाहेब धर्माधिकारी भवन, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर सामाजिक न्याय भवन, देशमुख एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रेनिंग बिल्डिंग और सुधाकर चव्हाण मल्टीपर्पस बिल्डिंग जैसे कई परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई।

# कल्याण-डोंबिवली पुलिस को मिली मोबाइल फॉरेंसिक वैन

**सुशील सिंह | कल्याण**

डोंबिवली पुलिस को गृह विभाग द्वारा अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन उपलब्ध कराई गई है, जो सात वर्ष या उससे अधिक सजा वाले मामलों में फॉरेंसिक सबूतों के अनिवार्य उपयोग के निर्देशों के अनुरूप काम करेगी। इस वैन के जरिए जटिल और संवेदनशील मामलों की घटनास्थल पर ही तेज और वैज्ञानिक जांच संभव होगी, जिससे मामलों की सुलझान में तेजी आने की उम्मीद है।

### फॉरेंसिक टीम और कार्य प्रक्रिया



वैन का ढांचा ड्राइवर, अटेंडेंट और लैब के तीन हिस्सों में विभाजित है। प्रत्येक वैन में फॉरेंसिक विशेषज्ञ और तकनीकी स्टाफ तैनात रहेंगे। घटनास्थल पर टीम क्राइम सीन एप्लिकेशन में घटना का रिकॉर्ड बनाएगी, स्थल की फोटोग्राफी और शुटिंग करेगी और वरिष्ठ अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मार्गदर्शन लेकर साक्ष्यों का परीक्षण व सील करेगी। कल्याण नियंत्रण कक्ष में वैन के संचालन के लिए दो टीमें 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी। अधिकारियों के अनुसार इस मोबाइल वैन से फॉरेंसिक और जांच एजेंसी के बीच समन्वय बेहतर होगा, साक्ष्य नष्ट या छेड़छाड़ होने की संभावनाएँ कम होंगी और अभियोजन के लिए पुष्ट सबूत उपलब्ध होने से अपराध सुलझाने की दर बढ़ेगी।

### पुलिस क्षेत्र और त्वरित सबूत-संग्रह

पुलिस परिमंडल-3 के अंतर्गत कल्याण और डोंबिवली के आठ थानों में होने वाले अपराधों के बाद वैन मौके पर भेजी जाएगी। इसमें सहायक रासायनिक विश्लेषक, वैज्ञानिक सहायक और प्रयोगशाला परिचर सहित फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंचकर कार्य करेगी, ताकि त्वरित और प्रमाणिक सबूत-संग्रह हो सके।

### सुसज्जित उपकरण और सुरक्षित संग्रह

वैन में भौतिक, रासायनिक, जैविक और डिजिटल सबूतों के संग्रह व प्राथमिक परीक्षण के लिए विशेष किटें, रसायन और उपकरण उपलब्ध हैं। विस्फोटक और साइबर साक्ष्य परीक्षण की व्यवस्था, साथ ही डीएनए और रक्त सैंपल संग्रहण की सुविधा भी वैन में मौजूद है। घटनास्थल पर संग्रह किए गए सबूत बारकोडिंग और ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के माध्यम से सुरक्षित रखे जाएंगे, जिससे उनकी श्रृंखला (chain of custody) सुनिश्चित होगी।

# 1,115 लीटर अवैध देसी शराब जब्त

## एक आरोपी गिरफ्तार, 1.11 लाख रुपए का माल बरामद

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी क्राइम ब्रांच यूनिट 2 ने 4 दिसंबर 2025 को अवैध देसी शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की, जिसमें 1,115 लीटर हाथभट्टी की तैयार शराब जब्त की गई। यह स्टॉक आलिमघर, भिवंडी में आरोपी रूपेश नारायण पाटील के घर के पास एक कमरे से बरामद किया गया, जिसकी बाजार कीमत लगभग 1,11,500 रुपए बताई गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर नारपोली पुलिस स्टेशन में दारूबंदी अधिनियम 1949 की धारा 65 (ई) के तहत मामला दर्ज किया गया।

### गुप्त सूचना पर कार्रवाई और टीम का योगदान



सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच के पोहवा किशोर थोरात ने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनवणे को जानकारी दी, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए। पोउपनि रामचंद्र जाधव के नेतृत्व में टीम ने छापा मारा और अवैध शराब का स्टॉक जब्त किया। इस ऑपरेशन में पुलिस उप आयुक्त (गुन्हे) अमरसिंह जाधव और सहायक पुलिस आयुक्त (शोध-1) शेखर बागडे के मार्गदर्शन में वरिष्ठ और पोहवा अधिकारी सक्रिय भूमिका निभाते हुए शामिल रहे।

# समाजसेवक पर जानलेवा हमला

## दो आरोपियों पर हत्या के प्रयास के तहत मामला दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर।**

उल्हासनगर के विट्ठलवाड़ी पुलिस क्षेत्र में विकी कौजकर नामक आरोपी ने समाजसेवी रंजीत गायकवाड़ पर धारदार हथियार से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना गुरुवार शाम तानाजी नगर स्थित कैंप-5 के पास हुई, जब गायकवाड़ मोटरसाइकिल से स्टेशन की तरफ जा रहे थे। आरोपी ने अपने साथी के साथ उन्हें संभाजी चौक पर रोका और लोखंड रॉड व धारदार हथियार से सिर पर कई वार किए। गंभीर घायल गायकवाड़ को तुरंत उल्हासनगर सेंट्रल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी गंभीर हालत के कारण उन्हें निजी हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया।

### पुलिस ने शुरू की जांच और सर्च ऑपरेशन



घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल से पूछताछ की। रंजीत गायकवाड़ की पत्नी माधुरी की शिकायत पर विट्ठलवाड़ी पुलिस ने आरोपी विकी और उसके साथी के खिलाफ मामला दर्ज किया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली ने बताया कि पुलिस की कई टीमों ने आरोपी को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। हमले के पीछे की असली वजह आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही स्पष्ट होगी।

# मेट्रो-5 और सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित नागरिकों की समस्या विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष उठी

- विधायक अबू आसिम आज़मी के नेतृत्व में संघर्ष समिति का शिष्टमंडल मिला
- मुआवज़े और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा की मांग

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका क्षेत्र में मेट्रो-5 परियोजना और सड़क चौड़ीकरण कार्य से बढ़ रही समस्याओं को लेकर कल्याण रोड व्यापारी व रहिवासी संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नारवेकर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल के साथ आमदार अबू आसिम आज़मी भी मौजूद रहे, जिन्होंने नागरिकों की ओर से गंभीर मुद्दों को विस्तार से रखा।

### राहुल नार्वेकर ने दिलाया कार्रवाई का भरोसा



विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले को गंभीरता से लेकर आवश्यक कदम संवेदनशीलता के साथ उठाए जाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी की आस्था, संपत्ति या रोजगार को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। बैठक को प्रतिनिधिमंडल ने सकारात्मक बताया, जबकि संघर्ष समिति के अध्यक्ष शादाब उस्मानी ने कहा कि विकास ज़रूरी है, लेकिन वह न्याय, संवेदनशीलता और संवाद के साथ ही होना चाहिए।

### धार्मिक स्थल व व्यापार प्रभावित: आज़मी

आमदार आज़मी ने बैठक में बताया कि निर्माण कार्य के कारण मंदिर, मस्जिद, दरगाह, कब्रिस्तान सहित कई धार्मिक स्थल सीधे प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही स्थानीय व्यापारी और रहिवासी भी नुकसान झेल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महानगरपालिका ने विकास योजना को वैध स्वीकृति के बिना तोड़क कार्रवाई की, जिससे कई संरचनाएँ क्षतिग्रस्त हुईं और अभी तक प्रभावितों को मुआवज़ा नहीं मिला। उनका कहना था कि विकास कार्य जरूरी है, पर नागरिकों की आस्था, संपत्ति और रोजगार की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए।

# मेडिकल कंपनी के दो सेल्समैन धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार

- चार वर्षों में कंपनी को 10.67 लाख रुपए का नुकसान पहुंचाने का आरोप

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के शांतिनगर पुलिस स्टेशन ने मेडिकल डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी से धोखाधड़ी के आरोप में दो सेल्समैन मोनिस खलीकुज़्ज़मा अंसारी और मोमिन मुस्लिम निसार अहमद को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता नौमान हफीजुल्लाह अंसारी, जो नायगांव में फार्मा टिप्स हेल्थकेयर नाम से मेडिकल डिस्ट्रीब्यूशन का व्यवसाय चलाते हैं, ने आरोप लगाया कि दोनों कर्मचारी लंबे समय से कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुँचा रहे थे।

### BNS की धारा 316(4) के तहत केस दर्ज



नौमान अंसारी ने पुलिस में मामला दर्ज कराया। शांतीनगर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 316(4) के तहत धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। दोनों आरोपी सेल्समैन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। मामले की जांच शांतीनगर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपड़े कर रहे हैं।

### चार साल में 10 लाख से अधिक की उगाही हड़पी

शिकायत के अनुसार, दोनों आरोपी 1 मई 2021 से 21 जुलाई 2025 के बीच शहर के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स पर दवाइयाँ सप्लाई करने और बिल की राशि वसूलकर कंपनी में जमा करने का जिम्मा निभाते थे। आरोप है कि इस अवधि में दोनों ने कुल 10,67,157 रुपए की रकम वसूली के नाम पर हड़प ली। शिकायतकर्ता ने बताया कि मोनिस ने अपने भाई और बहन के माध्यम से "सहूलियत" देने की सिफारिश भी करवाई थी, लेकिन आरोपियों का व्यवहार नहीं बदला।

# ग्रामीण कलाकारों के लिए खुला 'कला स्पंदन आर्ट फेयर' का नौवां अध्याय

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**




मुंबई के वरळी स्थित नेहरू सेंटर में इंडियन आर्ट प्रमोटर द्वारा आयोजित 'कला स्पंदन आर्ट फेयर' की नौवीं प्रदर्शनी का शुभारंभ आज हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन महाराष्ट्र के सूचना प्रौद्योगिकी और संस्कृति मंत्री आशिष शेलार ने किया। इस अवसर पर कला स्पंदन आर्ट फेयर के संस्थापक एवं क्यूरेटर सुदीप चक्रवर्ती, टीवी और बॉलीवुड अभिनेत्री एकता बी. पी. सिंह, टीवी शो शक्तिमान के लेखक बृजमोहन पांडे, तथा विख्यात कलाकार रामजी शर्मा भी उपस्थित रहे। इस वर्ष प्रदर्शनी में देशभर से आए 150 से अधिक कलाकारों की करीब 4500 कलाकृतियाँ प्रदर्शित की गई हैं। आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए सुदीप चक्रवर्ती ने बताया कि फेयर का मुख्य उद्देश्य देश के ग्रामीण एवं दूरदराज इलाकों के कलाकारों को एक उपयुक्त मंच उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी प्रतिभा को सही पहचान मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में चित्रों को प्रदर्शित करने के लिए कलाकारों से किसी भी प्रकार का कमीशन नहीं लिया जाता, जिससे वे बहुत कम और वहन योग्य खर्च में अपनी कला को प्रस्तुत कर पाते हैं। साथ ही, कला प्रेमियों को यह सुविधा भी मिलती है कि वे सीधे कलाकारों से ही कलाकृतियाँ खरीद सकें। प्रदर्शनी 5 से 7 दिसंबर तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक कला प्रेमियों के लिए खुली रहेगी। सुदीप चक्रवर्ती के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य कला और कलाकार दोनों को एक सुलभ, सम्मानजनक और प्रभावी मंच प्रदान करना है।

# टेट अनिवार्यता से 1500 स्कूल बंद

## शिक्षक संगठनों का 10 दिसंबर को महाआंदोलन

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में टीईटी (Teacher Eligibility Test) परीक्षा की अनिवार्यता के खिलाफ बड़े पैमाने पर स्कूल बंद आंदोलन हुआ। पुणे, मुंबई और अन्य जिलों के कई निजी अनुदानित स्कूलों में शिक्षक इसका विरोध करते हुए सरकार से पुनर्विचार याचिका दायर करने और स्थिति स्पष्ट करने की मांग कर रहे हैं। शिक्षक संगठनों के अनुसार लगभग डेढ़ हजार स्कूलों ने इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया, जिसमें कुछ बिना अनुदानित और स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के स्कूल भी शामिल थे।



### टीईटी अनिवार्यता पर विवाद

इस विरोध की शुरुआत सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हुई, जिसमें 53 साल से कम उम्र के सभी शिक्षकों के लिए टीईटी पास करना अनिवार्य कर दिया गया। शिक्षक संगठनों का कहना है कि लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों के लिए यह अचानक लागू की गई अनिवार्यता अन्यायपूर्ण है। शिक्षक चाहते है कि राज्य सरकार इस पर पुनर्विचार याचिका दायर करे।

### संच मान्यता जीआर और वेतन कटौती की चिंता

टीईटी के विरोध के साथ ही शिक्षक संगठन 15 मार्च 2024 के संच मान्यता जीआर का भी विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस जीआर के कारण कई शिक्षक "अतिरिक्त" माने जा रहे हैं, जिससे स्कूलों की स्टाफ व्यवस्था प्रभावित होगी और विषय-विशेष के शिक्षकों की कमी हो सकती है। इसके चलते संगठनों ने संच मान्यता प्रक्रिया को रोकने की मांग की है।

### शिक्षा विभाग की सख्त कार्रवाई

शिक्षा विभाग ने आंदोलन कर रहे स्कूलों को सख्त निर्देश दिए हैं। यदि कोई स्कूल बंद पाया गया, तो उसके मुख्याध्यापक, शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा जाएगा। सभी स्कूल संचालकों को स्कूल खुले रखने का आदेश भी जारी किया गया है।

### प्रमुख मांगें और भविष्य की चेतावनी

शिक्षक संगठनों ने टीईटी अनिवार्यता, संच मान्यता जीआर, पुरानी पेंशन योजना और एसीपी योजना जैसी कई मांगें रखी हैं।
संगठनों का चेतावनी है कि यदि सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो 10 दिसंबर को नागपुर में शीतकालीन अधिवेशन के दौरान बड़ा धरना आयोजित किया जाएगा। शिक्षक संगठनों का कहना है कि शिक्षा राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री से चर्चा का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक आदेश नहीं आया है।

# संघर्ष से आगे बढ़े युवा समाज के 'रोल मॉडल' बनें : सीएम फडणवीस



मुंबई। मुंबई में शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि संघर्ष से आगे बढ़ने वाले युवा समाज के लिए रोल मॉडल बनें। उन्होंने अनाथ बच्चों को 1 प्रतिशत आरक्षण देने के अपने निर्णय को जीवन के सबसे संतोषजनक निर्णयों में से एक बताया और इसे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया।
मुख्यमंत्री ने बताया कि भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा प्रतिपादित 'समान अवसर' के सिद्धांत से प्रेरित होकर राज्य सरकार ने यह आरक्षण लागू किया है। इस निर्णय से 862 अनाथ युवक-युवतियाँ आत्मनिर्भर बने और समाज में सक्रिय योगदान देने लगे। उन्होंने वर्षपूर्ति के अवसर पर सरकारी सेवा में नियुक्त इन युवाओं से बातचीत भी की।

### समाज को लौटाने का संदेश

फडणवीस ने युवाओं से कहा कि उन्हें संघर्ष के माध्यम से मिली सफलता को समाज की सेवा में बदलना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाज द्वारा दिए गए अवसरों का सही उपयोग करना हमारी जिम्मेदारी है और युवा अपने कार्य के माध्यम से पहचान बनाएं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवाओं का मुख्यमंत्री द्वारा सत्कार भी किया गया।

# 4 लेबर कोड लागू करने पर मजदूर संगठनों का विरोध




मुंबई। 21 नवंबर को मोदी सरकार ने 29 पुराने लेबर कानून खत्म कर 4 नए लेबर कोड लागू करने की घोषणा की थी। कॉमरेड तपन सेन ने कहा कि ये कोड मजदूरों की सुरक्षा खत्म कर उन्हें उद्योगपतियों के प्रति निर्भर बनाने वाले हैं। कोविड काल में 2020 में मंजूरी मिलने के बाद भी पिछले चार सालों में केंद्रीय मजदूर संघों के विरोध के कारण ये लागू नहीं हो पाए थे। हालांकि, दिल्ली, महाराष्ट्र और बिहार में चुनावों के बाद इसे लागू करना शुरू कर दिया गया। मजदूर संगठनों ने 26 नवंबर को देशभर में विरोध प्रदर्शन किया था और अब CITU मजदूरों को हर जिले में इस कोड के खिलाफ एकजुट होने की अपील कर रहा है।

### CITU का 17वां राज्य सम्मेलन मुंबई में

CITU का 17वां राज्य सम्मेलन 5-7 दिसंबर 2025 को आदर्श विद्यालय, चेंबूर, मुंबई में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन डॉ. डी एल कराड ने लाल झंडा फहराकर किया, जबकि डॉ. एस के रेगे ने स्वागत भाषण में मुंबई में मजदूर आंदोलनों पर जानकारी दी। इस मौके पर CITU की राष्ट्रीय अध्यक्ष के. हेमलता, राष्ट्रीय सचिव के. करुमालयन, राज्य सचिव एम एच शेख, डॉ. विवेक मोंटेरो, MLA विनोद निकोले, कॉमरेड एस के रेगे और अन्य राज्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# पेड़ों की कटाई को लेकर महायुति सरकार में टकराव

## अजित पवार के बाद शिंदे गुट भी विरोध में उतरा, सड़कों पर किया प्रदर्शन



मुंबई/नासिक। नासिक के तपोवन क्षेत्र में प्रस्तावित पेड़ कटाई के फैसले के खिलाफ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को सैकड़ों कार्यकर्ता हाथों में पोस्टर लेकर तपोवन परिसर में उतरे और "वृक्ष कटाई रोको, वरना गंभीर परिणाम भुगतना होगा" जैसे नारे लगाए। आंदोलनकारियों ने प्रतीकात्मक रूप से आरी और कुल्हाड़ी जलाकर विरोध जताया।

### अजीत पवार और सयाजी शिंदे का समर्थन

इस विरोध के दौरान अजीत पवार की एनसीपी के वरिष्ठ नेता और अभिनेता सयाजी शिंदे पहले से ही वृक्ष कटाई के खिलाफ मुखर थे। शिवसेना के शामिल होने से महायुति सरकार के भीतर विरोध की आवाज और भी मजबूत हो गई है, जिससे राजनीतिक तनाव बढ़ गया है।

### शिंदे गुट का आक्रामक रुख

तपोवन में पिछले कुछ दिनों से विभिन्न संगठनों और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा वृक्ष कटाई के विरोध में आंदोलन चल रहा है। शिंदे गुट के नेता अजय बोरस्ते ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है और इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नासिक की जनता की भावनाओं को सीधे उपमुख्यमंत्री तक पहुंचाने की बात कही।

### पेड़ों को राखी बांधकर अनोखा संदेश

महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पेड़ों को राखी बांधकर इसे प्रतीकात्मक रूप से भाई समझने और उनकी रक्षा करने का संदेश दिया। इस अनोखे प्रदर्शन ने आंदोलन को और अधिक जनसमर्थन दिलाया और लोगों का ध्यान पर्यावरण सुरक्षा की ओर आकर्षित किया।

### करुणा मुंडे की चेतावनी और पुलिस तैनाती

सामाजिक कार्यकर्ता करुणा मुंडे ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि एक भी पेड़ काटा गया तो कार्यकर्ता आत्मदाह कर विरोध करेंगे। उनका कहना था कि दशकों पुराने पेड़ काटकर जमीन निजी उद्योगपतियों को दी जा रही है। विरोध की तीव्रता को देखते हुए नासिक पुलिस और दंगा नियंत्रण बल की भारी तैनाती की गई है।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महाराष्ट्र विकास की दिशा में अग्रसर : बावनकुले

देवेंद्रनाथ जैस्वार । मुंबई

महाराष्ट्र के राजस्वमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में राज्य विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि, बुनियादी ढांचा, सिंचाई, उद्योग, रोजगार सृजन, सामाजिक न्याय और सुरक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में महायुति सरकार ने महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी निर्णय लिए हैं।



### किसानों और कृषि सुधारों पर ध्यान

बावनकुले ने प्रधानमंत्री मोदी की 'विकसित महाराष्ट्र 2047' की परिकल्पना का हवाला देते हुए बताया कि सरकार सर्वसमावेशी विकास को प्राथमिकता दे रही है। अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों के लिए 32,000 करोड़ रुपये का पैकेज, सूखे प्रबंधन, फसल ऋण वसूली में स्थगन, फसल बीमा व मुआवजा प्रक्रिया में तेजी, और पशुपालन व मत्स्य व्यवसाय को कृषि का दर्जा देने जैसे कदम उठाए गए हैं।

### सिंचाई और जल परियोजनाएँ

नदी जोड़ो परियोजनाओं और उपसा सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी देकर करोड़ों रुपये की निधि उपलब्ध कराई गई है। जलयुक्त शिवार 2.0 योजना के अंतर्गत एक वर्ष में 37,166 कार्य पूरे किए गए। सिंचाई क्षमता बढ़ाने और जल संसाधनों के उचित प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया है।

### बुनियादी ढांचे का विकास

राज्य में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर निधि मंजूर की गई है। समृद्धि महामार्ग, शक्ति पीठ महामार्ग, वधावन बंदरगाह और ऑफशोर हवाई अड्डे की योजनाओं के साथ-साथ 100 गांवों में 'सौरग्राम' योजना और नागपुर में राज्य आपदा प्रबंधन संस्थान की स्थापना की गई। मेट्रो लाइन 11 और मुंबई में 238 लोकल ट्रेनों की खरीद के लिए 4,826 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। इस अवसर पर भाजपा मुंबई अध्यक्ष अमित साटम, प्रदेश महामंत्री विधायक विक्रांत पाटील, प्रदेश महामंत्री माधवी नाइक, मीडिया विभाग प्रमुख नवनाथ बन, प्रदेश सह मुख्य प्रवक्ता अजित चव्हाण, रघुनाथ पांडे और प्रतीक करपे सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्य का स्वाभिमान 'दिल्लीश्वर' के पास गिरवी: सपकाल



मुंबई। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने राज्य सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल की कड़ी समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार ने राज्य का स्वाभिमान 'दिल्लीश्वर' के पास गिरवी रख दिया है और अमित शाह ही वास्तविक मुख्यमंत्री की तरह फैसले ले रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्रियों की नियुक्ति, विभागों का बंटवारा, गठबंधन और नीतिगत निर्णय—सभी केंद्र द्वारा तय किए जा रहे हैं। हालात यह हैं कि एक साल में दो जिलों के पालक मंत्री तक नियुक्त नहीं किए जा सके। सपकाल ने राज्य में बढ़ते अपराधों को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पुणे में हुए बलात्कार पर राज्य मंत्री की 'थोड़ा-सा चिल्ला लिया होता' जैसी टिप्पणी बेहद गैरजिम्मेदाराना है। गृह राज्य मंत्री पर डांस बार संचालित करने और विधान मंडल में ताश खेलने के आरोप लगे हैं। संतोष देशमुख और संपदा मुंडे की हत्या जैसी घटनाओं ने कानून-व्यवस्था की पोल खोल दी है। सपकाल ने मौजूदा फडणवीस सरकार को इतिहास की सबसे लाचार और अधम सरकार बताया और आरोप लगाया कि राजधर्म की अनदेखी हो रही है तथा सरकार 'गैंगवार प्रवृत्ति' वाला रवैया अपना रही है।

# मुंबई की हवा अनहेल्दी



मुंबई। शुक्रवार की सुबह भले ही धूप खिली रही, लेकिन शहर की वायु गुणवत्ता गिरकर 'अनहेल्दी' यानी मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह 8.30 बजे जारी एक्यूआई 183 रहा, जो खासकर संवेदनशील समूहों—बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा व हृदय रोगियों—के लिए चिंता का विषय है। पीएम2.5 का स्तर 100 और पीएम10 का स्तर 130 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर दर्ज हुआ, जो सुरक्षित सीमा से काफी अधिक है। विशेषज्ञों के अनुसार सूक्ष्म कण फेफड़ों तक गहराई में जाकर सांस की परेशानी और आंखों में जलन का कारण बन सकते हैं, जबकि अन्य प्रदूषक अभी नियंत्रण में हैं।
विशेषज्ञ बताते हैं कि पीएम स्तरों में यह बढ़ोतरी शहर की आबोहवा के लिए सबसे अधिक जोखिम पैदा कर रही है। कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, ओजोन और सल्फर डाइऑक्साइड के स्तर भले ही सामान्य सीमा में हों, लेकिन उच्च पीएम2.5 और पीएम10 ही स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न करने के लिए पर्याप्त हैं।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

विभाग : प्रमुख अभियंता (यांत्रिकी एवं विद्युत)
क्र. का.अ.यां. (द)/5385 / यां. व वि. / दिनांकः 05.12.2025

ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए इच्छुक निविदाकारों से ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा वितरण/विक्रय की तिथि एवं समय, तथा निविदा विक्री की अंतिम तिथि एवं समय आदि का तपशील बृहन्मुंबई महानगरपालिके की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in तथा महाटेंडर वेबसाइट http://maha-tender.gov.in के निविदा अवलोकन (Tender Preview) विभाग में प्रकाशित/अपलोड किया गया है।

| क्रमांक | निविदा क्र. | निविदा का विषय |
|---|---|---|
| 1. | 2025_MCGM_1255986_1 | महानगरपालिका कार्यशाला के रंगशाला विभाग में पुनर्स्थापना संबंधी विभिन्न कार्य करना। |

निविदाओं की अधिक जानकारी के लिए इच्छुक निविदाकार बृहन्मुंबई महानगरपालिका की वेबसाइट http://portal.mcgm.gov.in तथा महाटेंडर वेबसाइट http://mahatenders.gov.in पर अवश्य भेट दें।

पीआरओ/2532/विज्ञा./2025-26

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (यांत्रिकी—दक्षिण)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

# अनिल अंबानी की रिलायंस के खिलाफ ईडी का फिर से एक्शन

## 1120 करोड़ की संपत्ति जब्त

मुंबई। अनिल अंबानी की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने अनिल अंबानी पर शिकंजा कसते हुए 1120 करोड़ रुपये की नई संपत्तियां जब्त की हैं। इसमें 18 से अधिक संपत्तियां शामिल हैं। कुछ समय पहले भी ईडी ने 1452 करोड़ रुपये और 7500 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की थीं। बताया जा रहा है कि अब तक 10,117 करोड़ की संपत्ति कुर्क की गई है। यह मामला रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल), रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (आरसीएफएल) और यस बैंक से जुड़ी कथित धोखाधड़ी का है। इस मामले में अनिल अंबानी ग्रुप पर लगातार कार्रवाई हो रही है।

### अटैच की गई संपत्तियों में ये हैं शामिल



ED द्वारा अटैच की गई संपत्तियों में रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की 7 प्रॉपर्टी, रिलायंस पावर लिमिटेड की 2 प्रॉपर्टी, रिलायंस वैल्यू सर्विस प्राइवेट लिमिटेड की 9 प्रॉपर्टी, रिलायंस वैल्यू सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, M/s Phi मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, M/s आधार प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड, M/s Gamesa इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर मौजूद FD और बैंक बैलेंस हिस्सेदारियां भी अटैच की गई हैं।

### कब का है मामला?

2017-2019 के दौरान, यस बैंक ने RHFL इंस्ट्रूमेंट्स में 2,965 करोड़ रुपये और RCFL इंस्ट्रूमेंट्स में 2,045 करोड़ रुपये का निवेश किया था। दिसंबर 2019 तक, ये नॉन-परफॉर्मिंग इन्वेस्टमेंट बन गए। RHFL के लिए बकाया 1,353.50 करोड़ रुपये और RCFL के लिए 1,984 करोड़ रुपये था। आरएचएफएल और आरसीएफएल के मामले में ईडी की जांच से पता चलता है कि आरएचएफएल और आरसीएफएल को 11,000 करोड़ रुपये से अधिक का सार्वजनिक धन प्राप्त हुआ। यस बैंक की ओर से रिलायंस अनिल अंबानी समूह की कंपनियों में यह पैसा निवेश करने से पहले, यस बैंक को पूर्ववर्ती रिलायंस निप्पॉन म्यूचुअल फंड से भारी धन प्राप्त हुआ था।

PUBLIC NOTICE

I am concerned for my client MR. FAIYAZ AHMED SHAIKH, residing at B/1, CTS No.651, Rupam Apartment, Near Goal Building, Hall Road, Kurla (West), Mumbai-400 070, and my client is the owner of open plot of land bearing City Survey No.275(part), (275/2), Old No.166, CTS No.657-B, admeasuring about 7 Acres and 17 Gunthas at Village Kanjur, Taluka-Kurla, Mumbai Suburban District. My client states that he has sold/transferred the said property to MR. MARUTI M. MANJREKAR, and received consideration from him. My client had also executed relevant documents pertaining to said property in favour of MR. MARUTI M. MANJREKAR, and my client undertakes to co-operate MR. MARUTI M. MANJREKAR, in transferring the said property in his name after clearing the entire litigation. That the son of my client MR. FIROZ FAIYAZ AHMED SHAIKH, is creating litigation over the said property, and I take the entire responsibility of clearing the litigation created by my son FIROZ SHAIKH, and if any Developer, Private party/person is entering into any document or documents in respect of the abovesaid property of my client with said MR. FIROZ FAIYAZ SHAIKH, or with others than they shall be doing so at their own risk, and my client shall not be responsible for the same, as my client had already received the consideration amount in respect of abovesaid property from said MR. MARUTI M. MANJREKAR.

Place : Mumbai
Date : 05/12/2025

(RAKESH TRIPATHI)
Advocate High Court;

पश्चिम रेलवे
विभिन्न कार्य

डिविजनल रेलवे मैनेजर (WA), पश्चिम रेलवे, 6वीं मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008, ई-टेंडर आमंत्रित करते हैं। टेंडर सूचना संख्याः BCT/25-26/272 दिनांक 02/12/2025 कार्य एवं स्थानः (i) उधना–उकाई सोंगढ़ सेक्शनः एडीईएन–व्यारा सेक्शन के अंतर्गत विभिन्न रोड अंडर ब्रिजों पर सीपेज, बहाव एवं जलभराव से बचाव हेतु एप्रोच वॉल, सड़क, अर्थवर्क, ग्राउटिंग आदि का ऊँचा करना।
(ii) उधना–उकाई सोंगढ़ सेक्शनः मेजर ब्रिज संख्या 17, 52A, 26, 60, 63 एवं 70 की टो वॉल, रिटर्न वॉल, बैलास्ट वॉल, स्लैब, पियर एबटमेंट आदि का सुदृढ़ीकरण कार्य। कार्य की अनुमानित लागतः 6,60,72,341.78 ईएमडीः 4,80,400/- प्रस्तुति की अंतिम तिथिः 26.12.2025, दोपहर 15:00 बजे तक टेंडर खोलने की दिनांक व समयः 26.12.2025, दोपहर 15:30 बजे अधिक विवरण के लिए हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर विजिट करें। 0866

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे
पर्यावरणीय निगरानी

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, ईएमयू कार्यशाला, महालक्ष्मी, मुंबई – 400013, **ई-निविदा सूचना सं. EL90/MX/2025-26/13, दिनांक 26.11.2025 जारी करते हैं। कार्य का नामः** पर्यावरण संरक्षण अधिनियम/नियम 1986, वायु अधिनियम, शोर प्रदूषण नियमों तथा महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (MPCB) एवं पर्यावरण एवं वन मंत्रालय (MoEF) की आवश्यकताओं के अनुसार ईएमयू कार्यशाला, महालक्ष्मी में ISO 14001:2015 के संबंध में पर्यावरणीय निगरानी कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** 3,04,236/- **ईएमडीः**6,100/- **निविदा जमा करने व खोलने की तिथि एवं समयः** 17.12.2025 को 12:00 बजे तक (इलेक्ट्रॉनिक रूप से) विस्तृत जानकारी के लिए कृपया देखें: **www.ireps.gov.in** 0862

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

निविदा सूचना

| | | |
|---|---|---|
| विभाग | : | ठोस कचरा प्रबंधन विभाग |
| शाखा | : | उप मुख्य अभियंता (SWM) योजना |
| निविदा आईडी क्रमांक | : | **2025_MCGM_1255591_1** |
| विषय | : | H/West वार्ड में चिम्बई–वारिंगपाडा समुद्रतट की स्वच्छता के व्यापक प्रबंधन का काम, 730 दिनों की अवधि के लिए। |
| बोली प्रारंभ दिनांक व समय | : | 06.12.2025, प्रातः 11.00 बजे से |
| बोली समाप्ति दिनांक व समय | : | 15.12.2025, सायं 16.00 बजे तक |
| वेबसाइट | : | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | | |
| a. नाम | : | श्री हेमंत टी. भुसारे, सहायक अभियंता (SWM) योजना |
| b. टेलीफोन | : | 022-23844450 |
| c. मोबाइल नंबर | : | 9762006449 |
| d. ई-मेल | : | ae02d.swm@mcgm.gov.in |

पीआरओ/2525/विज्ञा./2025-26

हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (SWM) योजना

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

## संपादकीय

# पंजाब का जल संकट

निस्संदेह, पंजाब इन दिनों दोहरे जल संकट से जूझ रहा है। एक ओर जहां अंधाधुंध भू-गर्भीय जल के दोहन से उसका जलस्तर गिर रहा है, वहीं कीटनाशकों व रासायनिक खादों के बेतहाशा इस्तेमाल से पानी जहरीला होता जा रहा है। हाल ही में केंद्रीय भूजल बोर्ड यानी सीजीडब्ल्यूबी के नवीनतम आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। संस्था के नवीनतम निष्कर्ष बताते हैं कि पंजाब 156.36 फीसदी भूजल दोहन के साथ इसके अत्यधिक इस्तेमाल में देशभर में अग्रणी है। जो इस बात को रेखांकित करता है कि पंजाब में इसके जलस्रोतों का कितने खतरनाक ढंग से अत्यधिक दोहन किया जा चुका है। लेकिन यह संकट यही समाप्त नहीं हो जाता। इस संकट से जुड़ी त्रासदी यह भी है कि सीजीडब्ल्यूबी की नवीनतम वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट-2025 बताती है कि पंजाब में परीक्षण किए गए भूजल के 62.5 फीसदी नमूनों में यूरेनियम सुरक्षित सीमा से कहीं अधिक मात्रा में पाया गया है। निश्चित रूप से भू-गर्भीय जल के अत्यधिक दोहन और पानी की गुणवत्ता में गिरावट में गहरा संबंध है। दरअसल, अत्यधिक भूजल दोहन से पानी का स्तर नीचे चला जाता है, जिसके चलते गहरे बोरवेल लगाने पड़ते हैं। जो भूगर्भीय रूप से अस्थिर, खनिज-समृद्ध परतों से पानी खींचते हैं। जो अक्सर यूरेनियम, आर्सेनिक, नाइट्रेट या लवणता से भरी होती हैं। इसके साथ ही, दशकों से चली आ रही सघन कृषि, अधिक सिंचाई वाली फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिये भारी मात्रा में सिंचाई और रासायनिक उर्वरकों की जरूरत होती है। जिसके चलते भूजल व मिट्टी दोनों ही में प्रदूषकों का रिसाव तेज हो जाता है। इस भयावह संकट को पिछले दिनों राज्यसभा में राजनीतिक आवाज तब मिली, जब सांसद राघव चड्ढा ने पंजाब में विषाक्त जल संकट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने चेताया था कि भारी धातुओं और रेडियोधर्मी प्रदूषकों वाला पानी आम लोगों के स्वास्थ्य पर घातक असर डाल रहा है। ऐसा करके उन्होंने देश के नीति नियंताओं को आईना दिखाने का प्रयास ही किया है। दरअसल, आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा में इस चिंता को अभिव्यक्त करके, पर्यावरणीय आंकड़ों के जरिये लंबे समय से दिए जा रहे संकेतों को स्पष्ट रूप से उजागर ही किया है। हमें इस बात का अहसास होना चाहिए कि यह अब कोई दूरगामी पर्यावरणीय चिंता नहीं बल्कि हमारे सामने एक उभरती हुई जन-स्वास्थ्य की आपात स्थिति ही है। देश में अकसर उस ट्रेन का जिक्र किया जाता रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में पंजाब के लोग कैंसर के उपचार के लिये राजस्थान के विभिन्न अस्पतालों में जाया करते हैं। जिसे अकसर कैंसर ट्रेन के नाम से पुकारा भी जाता रहा है। निस्संदेह, राज्य के कुओं, बोरवेल या हैंडपंप पर निर्भर लाखों पंजाबियों के लिये, इसका मतलब है कि उनके लिये रोजाना पीने का पानी ही स्वास्थ्य खतरा बन सकता है। जिसके उपयोग से उनके गुर्दे की क्षति, कैंसरकारी घातक प्रभाव और प्रजनन व शारीरिक विकास संबंधी नुकसान हो सकता है। निस्संदेह, इस दिशा में तत्काल निर्णायक कार्रवाई करने की सख्त आवश्यकता है। समय की मांग है कि तत्काल प्रभाव से भूजल के अंधाधुंध दोहन पर सख्त अंकुश लगाया जाए। इसके लिये बेहद जरूरी है कि कृषि क्षेत्र पर ध्यान देकर, कम पानी का उपयोग करने वाली फसलों को प्राथमिकता के आधार पर प्रोत्साहित किया जाए। राज्य के हर शहर व गांव में भूजल गुणवत्ता परीक्षण की सुविधा सहज रूप से उपलब्ध करायी जाए। प्रदूषित पेयजल के प्रभावी उपचार के साथ ही सुरक्षित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही औद्योगिक व कृषि प्रदूषकों पर नियंत्रण के लिये पारदर्शी व सख्त कानून व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि स्वच्छ पेयजल अनंत मात्रा में उपलब्ध नहीं है। हम इसे असीमित संसाधन के बजाय एक नाजुक जीवन रेखा के रूप में देखें। यदि आज हमने समय रहते हुए पेयजल को सुरक्षित व संरक्षित नहीं किया तो आने वाली पीढ़ियां पेयजल संकट से जूझने को अभिशप्त होंगी। इतना ही नहीं, उन्हें सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट भी विरासत के रूप में मिलेगा।

# भारत-रूस संबंध : 2030 तक नई आर्थिक रणनीति



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार,
साहित्यकार-स्तम्भकार



भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंध अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में एक ऐसी स्थिरता के स्तंभ के रूप में उभरे हैं, जिन पर समय की मार का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। पिछले 25 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की व्यक्तिगत समझ और राजनीतिक तालमेल ने दोनों देशों की साझेदारी को इतना मजबूत आधार दिया है कि यह रिश्ते ध्रुव तारे की तरह अटल और स्थायी प्रतीत होते हैं। वैश्विक राजनीति में लगातार बदलते समीकरणों, भू-राजनीतिक तनावों और आर्थिक चुनौतियों के बीच भारत और रूस ने ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है जिसमें मित्रता, रणनीति और परस्पर विश्वास हर कसौटी पर खरे उतरते हैं।

हाल ही में हुई 23वीं भारत रूस वार्षिक शिखर बैठक ने इस विश्वास को और गहराई प्रदान की है। यह पुतिन की भारत यात्रा का दसवाँ अवसर था, जो दोनों देशों के नेतृत्व के बीच निरंतर संवाद और आपसी प्राथमिकताओं की स्पष्टता को दर्शाता है। इस शिखर बैठक में 2030 तक आर्थिक सहयोग की साझा रणनीति तैयार की गई है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा, रक्षा, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और तकनीकी क्षेत्रों में अभूतपूर्व अवसरों को जन्म देगी।

भारत और रूस का यह संकल्प केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्थिर और विश्वसनीय साझेदारी का उदाहरण है। दुनिया तेजी से बदल रही है, सप्लाई चेन पर दबाव बढ़ रहा है, और आर्थिक निर्भरता को कम करने की आवश्यकता वैश्विक प्राथमिकता बन गई है। ऐसे दौर में यह द्विपक्षीय रणनीति न केवल दोनों देशों के लिए लाभकारी है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक संकेत देती है। रूस ने भारतीय नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाया है, जिससे जनसंपर्क और सांस्कृतिक रिश्ते और मजबूत होंगे। आतंकवाद के खिलाफ भी दोनों देशों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि वे मिलकर कार्य करेंगे और वैश्विक स्तर पर सुरक्षा की मजबूत दीवार बनेंगे। यह सहयोग सुरक्षा और विश्वास पर आधारित नए वैश्विक संतुलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

शिखर बैठक में कई अहम समझौते हुए हैं जिनमें स्वास्थ्य सेवाएं, मेडिकल एजुकेशन, फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड, माइग्रेशन, पोलर शिपिंग और समुद्री सहयोग जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा उर्वरक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जिस पर दुनिया की नजर है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए उर्वरक आपूर्ति की स्थिरता बेहद अहम है, और रूस के साथ यह समझौता किसानों के लिए दीर्घकालिक राहत साबित हो सकता है।

भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर भी चर्चा आगे बढ़ रही है। अगर यह समझौता साकार होता है, तो दोनों देशों के लिए व्यापार विस्तार, बाजार पहुंच और औद्योगिक सहयोग के नए दरवाजे खुलेंगे। इस संभावना ने वैश्विक शक्तियों विशेष रूप से अमेरिका की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि यह एशिया और यूरेशिया में आर्थिक ध्रुवीकरण को नई दिशा दे सकता है। रूस और भारत मिलकर नए अंतरराष्ट्रीय ट्रांसपोर्ट रूट विकसित कर रहे हैं जो यूरोप से एशिया तक व्यापार के स्वरूप को बदल देंगे। उत्तरी समुद्री मार्ग पर सहयोग और पोलर शिपिंग समझौता भविष्य के लाजिस्टिक नेटवर्क का आधार बनने जा रहा है। भारत की वैश्विक व्यापार क्षमता इस सहयोग से कई गुना बढ़ जाएगी।

ऊर्जा क्षेत्र में भी भारत और रूस की साझेदारी उल्लेखनीय है। दक्षिण भारत में रूस की सहायता से बन रहा न्यूक्लियर पावर प्लांट एशिया के सबसे बड़े परियोजनाओं में से एक है। यह 6000 मेगावाट की बिजली उत्पादन क्षमता वाला संयंत्र न केवल दक्षिण भारतीय राज्यों में ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में यह भारत की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल होगा।

व्यापार की बात करें तो भारत और रूस का व्यापारिक संतुलन पिछले वर्ष 12 प्रतिशत तक बढ़ा है। यह वृद्धि तेल आयात की वजह से और भी तेज हुई है, जो दोनों देशों के कुल व्यापार का लगभग 76 प्रतिशत हिस्सा है। भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में रूस की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। ऊर्जा सुरक्षा हर अर्थव्यवस्था की नींव होती है और रूस इस क्षेत्र में भारत का स्थायी और विश्वसनीय साझेदार बन चुका है।

रूस ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह भारतीय सेना को आवश्यक हथियार और रक्षा उपकरण देना जारी रखेगा, जैसा कि वह पिछले 50 वर्षों से करता आ रहा है। यह सहयोग न केवल रक्षा क्षमताओं को मजबूत करता है, बल्कि सामरिक आत्मनिर्भरता और सुरक्षा नीति में स्थिरता भी प्रदान करता है। भारत और रूस की रक्षा साझेदारी दुनिया में अपनी अलग पहचान रखती है, जिसमें विश्वास, तकनीक और दीर्घकालिक रणनीति का संतुलन देखने को मिलता है।

व्यापक दृष्टि से देखें तो भारत रूस संबंध केवल रणनीतिक या आर्थिक प्रश्न नहीं, बल्कि जनता से जनता के संबंधों की सशक्त कड़ी भी हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक निकटता, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में आदान प्रदान, पर्यटन और सामाजिक स्तर पर सहयोग एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत दे रहे हैं। यह संबंध दो महाशक्तियों के बीच आपसी सम्मान, समानता और निर्णय की स्वतंत्रता पर आधारित हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बैठक में स्पष्ट कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की वजह से भारत रूस की दोस्ती और मजबूत हुई है। यह बयान दो नेताओं की व्यक्तिगत समझ का प्रतिबिंब है और यह भी दर्शाता है कि यह साझेदारी केवल सरकारों या नीतियों तक सीमित नहीं, बल्कि विश्वास की गहरी नींव पर टिकी है।

## जीवन मंत्र

# ईश्वरीय पुकार दुर्लभ, और उसे सुनने वाला हृदय और भी दुर्लभ

जो हृदय संवेदनशील होता है, वह इन संकेतों को न केवल पहचानता है बल्कि उन्हें समझकर अपने जीवन में परिवर्तन भी लाता है। यही परिवर्तन उसे ऊँचे आध्यात्मिक स्तर पर ले जाता है। दिव्य पुकार को सुनने वाले हृदय में एक विशेष गुण होता है—समर्पण।

ईश्वरीय पुकार का अर्थ है वह आंतरिक आवाज़, वह शांति, या वह संकेत जो हमें जीवन के सही मार्ग की ओर प्रेरित करता है। यह पुकार हर समय सुनाई नहीं देती, क्योंकि यह बाहरी शोर, चिंताओं और दुनिया की भागदौड़ के बीच अक्सर दब जाती है। यह पुकार दुर्लभ इसलिए है क्योंकि यह तभी आती है जब मन की गहराइयों में पवित्रता, स्थिरता और सत्य की चाह जागृत होती है। जब मनुष्य भीतर से किसी उच्चतर सत्य की ओर बढ़ना चाहता है, तभी यह दिव्य पुकार उसके भीतर कंपन पैदा करती है।परंतु उससे भी दुर्लभ है वह हृदय जो इस पुकार को वास्तव में सुन सके। अक्सर लोग ईश्वर, धर्म या अध्यात्म के बारे में बात तो करते हैं, लेकिन उनका हृदय उन सूक्ष्म संकेतों को ग्रहण करने के लिए तैयार नहीं होता। एक ऐसा हृदय चाहिए जो शांत हो, निर्मल हो और अहंकार से मुक्त हो। जो व्यक्ति अपने भीतर की आवाज़ को



सुनना चाहता है, उसे पहले अपने मन को अनुशासित करना होता है, तभी वह दिव्यता की पुकार को पहचान पाता है। यही कारण है कि वास्तविक आध्यात्मिकता कुछ ही लोगों को प्राप्त होती है। ईश्वरीय पुकार को सुनने के लिए केवल कान नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और जागृत हृदय की आवश्यकता होती है। जीवन में कई अवसर ऐसे आते हैं जब ईश्वर हमें किसी कठिनाई, अनुभव या इंसान के माध्यम से संदेश भेजते हैं, पर हम व्यस्तता, अविश्वास या स्वार्थ के कारण उन्हें अनदेखा कर देते हैं। जो हृदय संवेदनशील होता है, वह इन संकेतों को न केवल पहचानता है बल्कि उन्हें समझकर अपने जीवन में परिवर्तन भी लाता है। यही परिवर्तन उसे ऊँचे आध्यात्मिक स्तर पर ले जाता है।

दिव्य पुकार को सुनने वाले हृदय में एक विशेष गुण होता है—समर्पण। ऐसा हृदय अपने अहंकार को त्याग देता है और सत्य को स्वीकार करने के लिए तैयार रहता है। यह हृदय शांत रहता है और हर घटना में ईश्वरीय इच्छा को देखने की क्षमता विकसित कर लेता है। यही कारण है कि ऐसे लोग जीवन की कठिनाइयों को भी सीख और संदेश के रूप में स्वीकार करते हैं। उनका विश्वास उन्हें दिव्यता के और निकट ले जाता है।

## जीवन ऊर्जा

एंड्रयू कुओमो : जन्म 6 दिसंबर, 1957

जन्म

# असफलता सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है

एंड्रयू कुओमो का जन्म 6 दिसंबर, 1957 को हुआ था और वे 2011 से 2021 तक न्यूयॉर्क के गवर्नर रहे। उन्हें कोविड-19 महामारी के दौरान उनके नेतृत्व और प्रगतिशील नीतियों पर उनके ध्यान के लिए जाना जाता है। कुओमो ने कदाचार के आरोपों के बीच 24 अगस्त, 2021 को गवर्नर के पद से इस्तीफ़ा दे दिया।

आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है चलते रहना। हम भविष्य को नियंत्रित नहीं कर सकते, लेकिन हम यह नियंत्रित कर सकते हैं कि हम इसके लिए कैसे तैयारी करते हैं। कठिन समय लंबे समय तक नहीं टिकता, लेकिन कठिन लोग टिकते हैं। आपको चुनौतियों का सामना करना होगा और उनका डटकर सामना करना होगा। नेतृत्व का मतलब प्रभारी होना नहीं है। इसका मतलब है अपने प्रभार में आने वालों का ख्याल रखना। सफलता कोई मंजिल नहीं है, यह एक यात्रा है। अगर हम साथ मिलकर काम करें तो हम जो हासिल कर सकते हैं उसकी कोई सीमा नहीं है। न्यूयॉर्क की ताकत उसके लोगों की विविधता में निहित है। बस बैठकर चीजों के होने का इंतजार मत करो; आपको उन्हें होने देना होगा। लोगों को यह जानने की जरूरत है कि आप उनका साथ दे रहे हैं। यही नेतृत्व है। चुनौतियाँ आपको परिभाषित नहीं करतीं, बल्कि आप उनका जवाब कैसे देते हैं, यह मायने रखता है। हमें भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है और अतीत में नहीं उलझना चाहिए। जब आप निराश होते हैं, तो आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका ऊपर उठना होता है। नेतृत्व का मतलब समाधान ढूंढना होता है, दोष देना नहीं। नेता का मापदंड यह नहीं है कि वे आसान समय में कितना अच्छा प्रदर्शन करते हैं, बल्कि यह है कि वे प्रतिकूल परिस्थितियों में कैसे आगे बढ़ते हैं। प्रगति करने के लिए, आपको कठिन निर्णय लेने होंगे। कठिन क्षणों में, आपके चरित्र की परीक्षा होती है। सरकार की शक्ति लोगों की शक्ति में है। आप असफल होने से नहीं डर सकते क्योंकि असफलता सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है। हम अतीत को नहीं बदल सकते, लेकिन हम भविष्य को आकार दे सकते हैं। यह इस बारे में नहीं है कि आप कितनी बुरी तरह गिरते हैं; यह इस बारे में है कि आप कितनी मुश्किल से वापस उठते हैं।



## शख्सियत | निरुपमा राव

# भारतीय विदेश सेवा की प्रेरणास्त्रोत



निरुपमा राव, भारतीय विदेश सेवा (IFS) की एक जानी-मानी अधिकारी हैं, जिन्होंने भारतीय कूटनीति में उल्लेखनीय योगदान दिया है। वे भारतीय विदेश सचिव के रूप में काम कर चुकी हैं और भारतीय विदेश नीति को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी यात्रा भारतीय कूटनीति के विकास और विस्तार की कहानी है, जो भारतीय विदेश सेवा में उनके योगदान के कारण आज भी सराही जाती है।

निरुपमा राव का जन्म 6 दिसंबर 1950 को हुआ था। बचपन से ही वे मेधावी और अध्यवसायी रहीं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक और उच्च शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय से पूरी की, जहाँ अध्ययन के दौरान ही उनमें अंतरराष्ट्रीय संबंधों और कूटनीति के प्रति रुचि विकसित हुई। आगे चलकर उन्होंने भारतीय विदेश सेवा (IFS) को अपने करियर के रूप में चुना और वर्ष 1973 में प्रतिष्ठित भारतीय विदेश सेवा में चयनित हुईं। यह उनके जीवन का वह मोड़ था, जिसने उन्हें एक वैश्विक मंच प्रदान किया और देश की विदेश नीति को आकार देने का अवसर दिया। IFS में शामिल होने के बाद निरुपमा राव ने कई देशों में महत्वपूर्ण कूटनीतिक दायित्व निभाए। उनके करियर में चीन, थाईलैंड, जर्मनी और श्रीलंका जैसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देशों में राजनयिक पदों पर नियुक्ति शामिल रही। हर देश में उन्होंने भारत के हितों की रक्षा, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। विशेष रूप से चीन और श्रीलंका में उनका कार्यकाल उल्लेखनीय माना जाता है, जहाँ उन्होंने जटिल राजनयिक चुनौतियों का शांत, स्थिर और दूरदर्शी सोच के साथ समाधान तलाशा। वर्ष 2009 से 2011 तक निरुपमा राव भारत की विदेश सचिव रहीं, जो देश की विदेश नीति बनाने और लागू करने की सर्वोच्च जिम्मेदारियों में से एक है। उनके कार्यकाल में भारत के अमेरिका, चीन, यूरोप और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति हुई। उन्होंने भारत-अमेरिका सामरिक संबंधों को नई ऊँचाइयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुरक्षा, रक्षा, व्यापार और आर्थिक सहयोग के क्षेत्रों में उनकी नीतिगत सोच और कूटनीतिक कौशल ने भारत की वैश्विक स्थिति को मजबूत किया। उनके कार्यकाल की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि उन्होंने बहुपक्षीय मंचों—जैसे संयुक्त राष्ट्र, आसियान, सार्क और ब्रिक्स—पर भारत की भूमिका को और अधिक प्रभावशाली तथा सक्रिय बनाया। दक्षिण एशिया में भारत की भूमिका को परिभाषित करने में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, विशेष रूप से पड़ोसी देशों के साथ सहयोग और साझेदारी को नई दिशा देने में। निरुपमा राव उन चुनिंदा भारतीय महिलाओं में से हैं, जिन्होंने कूटनीति जैसे चुनौतीपूर्ण और पुरुष-प्रधान क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# उनचास मरुतों का अनोखा ज्ञान

सुंदरकांड पढ़ते हुए 25 वें दोहे पर थोड़ा रुक गया। तुलसीदास ने सुन्दर कांड में जब हनुमान जी ने लंका मे आग लगाई थी, उस प्रसंग पर लिखा है-

**हरि प्रेरित तेहि अवसर चले मरुत उनचास।**
**अट्टहास करि गर्जा कपि बढ़ि लाग अकास।।**

अर्थात जब हनुमान जी ने लंका को अग्नि के हवाले कर दिया तो भगवान की प्रेरणा से उन पचास पवन चलने लगे। हनुमान जी अट्टहास करके गर्जे और आकार बढ़ाकर आकाश से जा लगे। मैंने सोचा कि इन उनचास मरुत का क्या अर्थ है। यह तुलसी दास जी ने भी नहीं लिखा। फिर मैंने सुंदरकांड पूरा करने के बाद समय निकालकर 49 प्रकार की वायु के बारे में जानकारी खोजी और अध्ययन करने पर सनातन धर्म पर अत्यंत गर्व हुआ। तुलसीदासजी के वायु ज्ञान पर सुखद आश्चर्य हुआ, जिससे शायद आधुनिक मौसम विज्ञान भी अनभिज्ञ है। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि वेदों में वायु की 7 शाखाओं के बारे में विस्तार से वर्णन मिलता है। अधिकतर लोग यही समझते हैं कि वायु तो एक ही प्रकार की होती है, लेकिन उसका रूप बदलता रहता है, जैसे कि ठंडी वायुगर्म वायु और समान वायु लेकिन ऐसा नहीं है। दरअसल, जल के भीतर जो वायु है उसका वेदपुराणों में अलग नाम दिया गया है और आकाश में स्थित जो वायु है उसका नाम अलग है। अंतरिक्ष में जो वायु है उसका नाम अलग और पाताल में स्थित वायु का नाम अलग हैनाम अलग होने का मतलब यह कि उसका गुण और व्यवहार भी अलग ही होता है। इस तरह वेदों में 7 प्रकार की वायु का वर्णन मिलता है- ये 7 प्रकार हैं 1. प्रवह, 2. आवह, 3.उद्वह, 4. संवह, 5. विवह, 6. परिवह और 7. परावह।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556



**1. प्रवह :** पृथ्वी को लांघकर मेघ मंडलपर्यंत जो वायु स्थित है, उसका नाम प्रवह है। इस प्रवह के भी प्रकार हैं। यह वायु अत्यंत शक्तिमान है और वही बादलों को इधर-उधर उड़ाकर ले जाती है। धूप तथा गर्मी से उत्पन्न होने वाले मेघों को यह प्रवह वायु ही समुद्र जल से परिपूर्ण करती है, जिससे ये मेघ काली घटा के रूप में परिणत हो जाते हैं और अतिशय वर्षा करने वाले होते हैं।

**2. आवह :** आवह सूर्यमंडल में बंधी हुई है। उसी के द्वारा ध्रुव से आबद्ध होकर सूर्यमंडल घुमाया जाता है।

**3. उद्वह :** वायु की तीसरी शाखा का नाम उद्वह है, जो चन्द्रलोक में प्रतिष्ठित है। इसी के द्वारा ध्रुव से संबद्ध होकर यह चन्द्र मंडल घुमाया जाता है।

**4. संवह :** वायु की चौथी शाखा का नाम संवह है, जो नक्षत्र मंडल में स्थित है। उसी से ध्रुव से आबद्ध होकर संपूर्ण नक्षत्र मंडल घूमता रहता है।

**5. विवह :** पांचवीं शाखा का नाम विवह है और यह ग्रह मंडल में स्थित है। उसके ही द्वारा यह ग्रह चक्र ध्रुव से संबद्ध होकर घूमता रहता है।

**6. परिवह :** वायु की छठी शाखा का नाम परिवह है, जो सप्तर्षिमंडल में स्थित है। इसी के द्वारा ध्रुव से संबद्ध हो सप्तर्षि आकाश में भ्रमण करते हैं।

**7. परावह :** वायु के सातवें स्कंध का नाम परावह है, जो ध्रुव में आबद्ध है। इसी के द्वारा ध्रुव चक्र तथा अन्यान्य मंडल एक स्थान पर स्थापित रहते हैं।

इन सातो वायु के सात सात गण हैं जो निम्न जगह में विचरण करते हैं।

## अपने विचार



पंडित जवाहरलाल नेहरू सरकारी पैसे से बाबरी मस्जिद (अयोध्या में) बनाना चाहते थे. अगर किसी ने इस प्रस्ताव का विरोध किया, तो वह गुजराती मां के बेटे सरदार वल्लभभाई पटेल थे. उन्होंने सरकारी पैसे से बाबरी मस्जिद नहीं बनने दी।

-राजनाथ सिंह,
रक्षा मंत्री, भारत सरकार



यादव जी सदन में होना आवश्यक था, क्योंकि बहस के दौरान ऐसा लग रहा था कि सामने से मजबूत तरीके से बात रखने वाला कोई नहीं है, जिसकी दलीलों का उनकी पार्टी के नेता जवाब दे पाते।

-मैथिली ठाकुर,
विधायक,बिहार भाजपा



ईवीएम पर सवाल उठाया जाता है, लेकिन मैं मानता हूं कि उनमें आप छेड़खानी नहीं कर सकते और न उनके जरिये वोट चोरी हो सकते हैं, लेकिन चुनाव को अन्य तरीके से प्रभावित किया जा सकता है।

-उमर अब्दुल्ला,
सीएम, जम्मू-कश्मीर



एकनाथ शिंदे को कमजोर करने का मतलब हिंदुत्व को कमजोर करने जैसा है, शिवसेना हिंदुत्ववादी पार्टी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक कठोर हिंदूवादी नेता हैं और महाराष्ट्र में हिंदुत्व को मजबूत करने में एकनाथ शिंदे का बड़ा सहयोग है।

-संजय निरुपम,
प्रवक्ता, शिवसेना(शिंदे)

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### पश्चिम रेलवे पर रविवार को कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं

मुंबई। ट्रैक, सिग्नलिंग और ओवरहेड उपकरणों के रखरखाव कार्य को पूरा करने के लिए, शनिवार/रविवार, यानी 06/07 दिसंबर 2025 की मध्यरात्रि में, 00:30 बजे से 04:30 बजे तक गोरेगांव और सांताक्रूज़ स्टेशनों के बीच अप और डाउन फास्ट लाइन पर 04 घंटे का जंबो ब्लॉक लिया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान सभी फास्ट लाइन की ट्रेनें गोरेगांव और सांताक्रूज़ स्टेशनों के बीच स्लो लाइन पर चलाई जाएंगी।

### जे.वी. पवार की नई किताब का विमोचन



मुंबईः अंबेडकर आंदोलन में पिछले साठ सालों से सक्रिय जे. वी. पवार ने अपनी किताब 'आंबेडकरी आंदोलनः दशा, दुर्दशा और दिशा' का विमोचन 4 दिसंबर 2025 को अंबेडकर भवन, दादर में किया। किताब रिलीज़ सेरेमनी की अध्यक्षता जानी-मानी एक्टिविस्ट दीपा पवार ने की और इसे लेखक अर्जुन डांगले ने लॉन्च किया। विमोचन समारोह में भारतीय बौद्ध महासभा के वर्किंग प्रेसिडेंट भीमराव यशवंतराव अंबेडकर समेत प्रोफेसर आनंद देवडेकर, योगीराज बागुल, डॉक्टर श्रीधर पवार, प्रोफेसर विजय मोहिते, पत्रकार दीपक पवार और कई अन्य सामाजिक व शैक्षणिक क्षेत्र के प्रमुख लोग मौजूद रहे। समारोह में प्रो. आनंद देवडेकर द्वारा एडिटेड कैलेंडर 'सद् धम्म धम्मदर्शिका' को भी भारतीय बौद्ध महासभा के प्रेसिडेंट डॉ. भीमराव यशवंतराव अंबेडकर ने रिलीज़ किया।

### साकेत कॉलेज में नशा मुक्ति और साइबर जागरूकता कार्यक्रम

कल्याण। 05 दिसंबर को कोलसेवाडी पुलिस स्टेशन क्षेत्र के साकेत कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एवं कॉमर्स, कल्याण पूर्व में सुबह 10:30 बजे से 12:45 बजे तक पुलिस आयुक्तालय, ठाणे द्वारा आयोजित नशा मुक्त भारत अभियान और साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस उपायुक्त परिमंडल-3 कल्याण, अतुल झेंड़े ने किया। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त कल्याण विभाग कल्याणजी घेटे, कॉलेज सचिव साकेत तिवारी और प्राचार्य संतोष तिवारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में साकेत कॉलेज, के.डी. कॉलेज और मॉडेल कॉलेज के लगभग 200–239 छात्र और शिक्षक शामिल हुए। झेंड़े ने छात्रों को अमली पदार्थों के दुष्प्रभाव और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में मार्गदर्शन दिया। साथ ही साइबर पुलिस स्टेशन ठाणे के निरीक्षक आजगावकर, अपराध शाखा के निरीक्षक गणेश न्हायडे, मिस्टर गौतम बेंडकुळे और दिशा फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने नशा और साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

# पनवेल-कलम्बोली कोचिंग कॉम्प्लेक्स पर विशेष पावर ब्लॉक

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल, मुंबई मंडल ने पनवेल-कलम्बोली कोचिंग कॉम्प्लेक्स से संबंधित अतिक्रमण हटाने के लिए 07/08, 09/10, 14/15 और 16/17 दिसंबर 2025 को मध्यरात्रि 1.30 बजे से 3.30 बजे तक विशेष पावर ब्लॉक चलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान उपयुक्त रेलवे लाइनों और प्लेटफार्मों पर कार्य किया जाएगा। यह विशेष पावर ब्लॉक पनवेल स्टेशन की अप और डाउन मेल लाइन, अप और डाउन कर्जत लाइन, लूप लाइन, इंजन रिवर्सल लाइनों और प्लेटफार्म 6 और 7 को कवर करेगा। इस दौरान इन लाइनों पर रेल संचालन प्रभावित होगा।



### 13/14 और 14/15 दिसंबर 2025 का प्रभाव

दिनांक 13/14.12.2025 को एलटीटी-मडगाँव एक्सप्रेस (11099) को 03.30 बजे रिशेड्यूल किया जाएगा। तिरुवनंतपुरम-हज़रत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस (22653) को सोमटने में 1 घंटा रेगुलेट किया जाएगा। 14/15.12.2025 को दौंड-ग्वालियर एक्सप्रेस (22193) फिर से डायवर्ट किया जाएगा और पनवेल की जगह कल्याण में ठहराव मिलेगा।

### 11/12 और 12/13 दिसंबर 2025 का प्रभाव

एलटीटी-मडगाँव एक्सप्रेस (11099) को 12.12.2025 को 01.45 बजे और 13.12.2025 को 03.30 बजे रिशेड्यूल किया जाएगा। तिरुवनंतपुरम-एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस (22114) को सोमटने में 1 घंटा 15 मिनट के लिए रेगुलेट किया जाएगा। इसी अवधि में एर्नाकुलम-पुणे एक्सप्रेस (22149) को भी रेगुलेट किया जाएगा।

### 07/08 दिसंबर 2025 का प्रभाव

दिनांक 07/08.12.2025 (रविवार-सोमवार मध्यरात्रि) को दौंड-ग्वालियर एक्सप्रेस (22193) को कर्जत-कल्याण-भिवंडी रोड मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा। पनवेल स्टेशन पर निर्धारित ठहराव की जगह कल्याण में ठहराव दिया जाएगा।

### 09/10 दिसंबर 2025 का प्रभाव

दिनांक 09/10.12.2025 को एर्नाकुलम-पुणे एक्सप्रेस (22149) को सोमटने स्टेशन पर 1 घंटा 15 मिनट के लिए रेगुलेट किया जाएगा।

### 16/17 दिसंबर 2025 का प्रभाव और अन्य ट्रेनें

एर्नाकुलम-पुणे एक्सप्रेस (22149) को सोमटने में 1 घंटा 15 मिनट रेगुलेट किया जाएगा। मंगलुरु जंक्शन-सीएसएमटी एक्सप्रेस (12134) को 07/08 और 16/17.12.2025 को 30 मिनट, तथा 09/10 से 13/14.12.2025 तक आप्टा में 20 मिनट के लिए रेगुलेट किया जाएगा।

### 10/11 दिसंबर 2025 का प्रभाव

दिनांक 10/11.12.2025 को एलटीटी-करमाली एक्सप्रेस (22115) को 03.30 बजे रिशेड्यूल किया जाएगा। इसी दिन एर्नाकुलम-हज़रत निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस (22655) को सोमटने में 1 घंटा रेगुलेट किया जाएगा।

# ट्रैक्शन सिस्टम अपग्रेडेशन के लिए स्कॉट ट्रांसफार्मर की कमीशनिंग प्रक्रिया शुरू

डीबीडी संवाददाता | सोलापुर

मध्य रेलवे के सोलापुर मंडल ने मुंबई–चेन्नई स्वर्णिम चतुर्भुज मार्ग पर चल रहे 1×25 kV से 2×25 kV ऑटो ट्रांसफार्मर (एटी) फीडिंग सिस्टम अपग्रेडेशन कार्य में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। सोलापुर–वाडी खंड में ट्रैक क्रॉसिंग ऑपरेशन पूरा कर मंडल ने गौड़गांव ट्रैक्शन सब स्टेशन (टीएसएस) के लिए पहले स्कॉट ट्रांसफार्मर की कमीशनिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### उद्देश्य और लाभ

यह परियोजना मौजूदा 1×25 kV ट्रैक्शन सिस्टम को 2×25 kV सिस्टम में बदलकर परिचालन क्षमता और विश्वसनीयता बढ़ाने के उद्देश्य से है। अपग्रेडेशन से सेक्शनल स्पीड 160 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने में मदद मिलेगी और मिशन 3000 मीट्रिक टन के तहत उच्च माल लदान लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा।



### गौड़गांव टीएसएस में ट्रांसफार्मर ट्रांसपोर्ट

गौड़गांव टीएसएस ऐसे स्थान पर स्थित है जहाँ केवल पटरियों को पार करके ही पहुंचा जा सकता है। इस चुनौतीपूर्ण कार्य में लगभग 120 टन वजन वाले पहले स्कॉट ट्रांसफार्मर को कैरियर ट्रेलर के साथ सुरक्षित रूप से ट्रैक पार कराया गया। यह ट्रांसफार्मर सोलापुर मंडल के 6 सब-स्टेशनों में से एक के लिए है, जिन्हें अपग्रेडेशन परियोजना के तहत स्थापित किया जाना है।

### ट्रैक क्रॉसिंग ऑपरेशन का निष्पादन

04 दिसंबर 2025 को दोपहर 12:30 से 03:15 बजे तक गौड़गांव स्टेशन के निकट ट्रैक क्रॉसिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हुआ। इस दौरान 120 टन वजनी ट्रांसफार्मर और 12.3 MVA एटी से लदे 4 ट्रकों को सुरक्षित रूप से पार कराया गया, जो सोलापुर मंडल के लिए एक बड़ी रसद और इंजीनियरिंग उपलब्धि है।

# नालासोपारा में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

डीबीडी संवाददाता | नालासोपारा

मनुष्य का जन्म सत्कर्म करने के लिए हुआ है।वह अपने सत्कर्मों से धर्मानुरागी हो सकता है। धर्म से जीवन सात्विकता की ओर उन्मुख होता है। श्रीमद्भागवत की रचना लोक मंगल का मार्ग प्रशस्त करने के लिए हुआ है। लोक-मंगल ही विश्व मंगल का आधार है। उपरोक्त बातें सद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ ने नालासोपारा पूर्व में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए कहा।कथा के पूर्व एवरशाइन नगर मंदिर से कथा स्थल तक विशाल एवं भव्य कलशयात्रा निकाली गई।

### भव्य शोभायात्रा और श्रद्धालुओं की उपस्थिति



स्वामी जी के सानिध्य में बैंड-बाजा,रथ और हाथ में भगवा झंडा लहराते,जयोद्घोष करते हजारों स्त्री-पुरुष कलश यात्रा में शामिल हुए। मुख्य यजमान महेंद्र पाल, राजेन्द्र दुबे और पवार आदि ने बताया कि गुरूजी के आगमन से क्षेत्र में भक्ति की लहर प्रवाहित हो रही है। सुबह की पादुका पूजन और आरती से शुरू हुआ दिन कब बीत जाता है,पता ही नहीं चलता। यह श्रीमद्भागवत कथा 12 दिसंबर तक नियमित रूप से होगी। 13 को यज्ञ हवन और भंडारे के साथ कथा संपन्न होगी।

# सावित्रीबाई फुले रंगमंदिर और प्रेरणा वॉर मेमोरियल का उद्घाटन

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका द्वारा संचालित विकास प्रकल्पों के तहत सावित्रीबाई फुले रंगमंदिर के नवीनीकरण का भूमिपूजन और प्रेरणा वॉर मेमोरियल का लोकार्पण शनिवार, 6 दिसंबर 2025 को शाम 5 बजे महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहेंगे।

### सावित्रीबाई फुले रंगमंदिर का नवीनीकरण

सावित्रीबाई फुले नाट्यगृह डोंबिवली की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। 24 मई 2025 को मुख्य सभागृह की छत का हिस्सा ढह जाने के कारण यह थिएटर बंद कर दिया गया था। संरचनात्मक ऑडिट में पूरे भवन में व्यापक मरम्मत और नवीनीकरण की आवश्यकता सामने आई, जिसके लिए राज्य सरकार ने पहले चरण में 15 करोड़ रुपये की निधि उपलब्ध कराई।

### प्रेरणा वॉर मेमोरियल का महत्व



डोंबिवली (पूर्व) भूखंड क्र. 49 पर स्थापित प्रेरणा वॉर मेमोरियल कडोंमपा और पद्मश्री गजानन माने की संकल्पना पर आधारित है। यह स्मारक आधुनिक तकनीक, वास्तुशिल्प और पर्यावरण-स्नेही विचारों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। मेमोरियल में तिहरी सैन्य दलों के प्रतीकात्मक रूप शामिल हैं, जिनमें भारतीय नौसेना की युद्धनौका INS विनाश, ब्रह्मोस क्षेपणास्त्र, तेजस बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान, 19वीं सदी की युद्ध तोप और थल, नौलिक व वायु दल के महिला-पुरुष सैनिकों की प्रतिकृतियाँ शामिल हैं। यह महाराष्ट्र का पहला ऐसा वॉर मेमोरियल है, जिसका उद्देश्य वीरता, त्याग और देशभक्ति की भावनाओं को उजागर करना है। यह स्मारक युवा पीढ़ी को सैन्य सेवा के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ नागरिकों में देश के प्रति योगदान की भावना को प्रोत्साहित करने का कार्य करेगा।

### नवीनीकरण में शामिल कार्य

नवीनीकरण में सभागृह सहित आंतरिक विद्युत व्यवस्था, ऑडिटोरियम साउंड सिस्टम, फायर अलार्म और पब्लिक एड्रेस सिस्टम, मुख्य छत का नवीनीकरण, एकॉस्टिक पैनलिंग, फॉल्स सीलिंग, ग्रीन रूम व वीआईपी रूम का नवीनीकरण और प्रेक्षागृह की कुर्सियों व कार्पेटिंग शामिल हैं। प्रोजेक्ट को छह माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# नकली टिकटों पर नकेल कसने की तैयारी

### टिकट चेकिंग को और सख्त करने का निर्णय

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल और पश्चिम रेलवे ने नकली टिकटों से यात्रा करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए संयुक्त रूप से कार्रवाई तेज़ कर दी है। हाल के दिनों में नकली और जाली टिकटों के बढ़ते मामलों को देखते हुए रेलवे ने उपनगरीय नेटवर्क में टिकट चेकिंग को और सख्त करने का निर्णय लिया है।

### स्पेशल टिकट चेकिंग टीमें तैनात



स्टेशनों और ट्रेनों में अनियमित यात्रा तथा नकली टिकट का इस्तेमाल करने वालों को पकड़ने के लिए विशेष टिकट चेकिंग टीमें लगाई जाएंगी। यात्रियों को वैध पहचान पत्र रखना होगा, जिसकी जानकारी उनके सीज़न टिकट से मेल खाना ज़रूरी है। रेलवे ने चेतावनी दी है कि धोखाधड़ी से टिकट बनाने या इस्तेमाल करने वालों पर BNS, 2023 के विभिन्न सेक्शन के तहत कड़ी कार्रवाई होगी, जिसमें जुर्माना और सात साल तक की जेल शामिल है।

### यात्रियों से वैध टिकट लेने की अपील

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत वेंडर, रेलवे बुकिंग काउंटर या ATVM से ही टिकट खरीदें। यात्री मोबाइल UTS ऐप का विकल्प भी अपना सकते हैं, जिससे वे अपने फ़ोन पर ही सुरक्षित और वैध टिकट बुक कर सकते हैं।

# लोनावला-बीवीटी यार्ड में विशेष एनआई और नॉन-इंटरलॉकिंग ब्लॉक

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल का मुंबई मंडल लोनावला-बीवीटी यार्ड में यार्ड रीमॉडलिंग और डाउन लाइन विस्तार के लिए प्री-एनआई और नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य कर रहा है। इसके तहत 3 आरएंडडी और 5 आरएंडडी लाइनों का विस्तार तथा एक अतिरिक्त अप लाइन का निर्माण किया जा रहा है। यह ब्लॉक 07.12.2025 को 02.15 बजे से 18.15 बजे तक रहेगा।



### डाईवर्जन का विवरण

कुछ लंबी दूरी की ट्रेनें मार्ग परिवर्तन के तहत डाईवर्ट की जाएंगी। उदाहरण के लिए चेन्नई-एलटीटी एक्सप्रेस, तिरुवनंतपुरम-सीएसएमटी एक्सप्रेस, मिरज-हज़रत निज़ामुद्दीन दर्शन एक्सप्रेस और एलटीटी-काकीनाडा पोर्ट एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्गों के बजाय वैकल्पिक मार्ग से चलेंगी।

### मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों पर प्रभाव

दिनांक 07.12.2025 को कई प्रमुख ट्रेनें रद्द रहेंगी। इसमें पुणे-सीएसएमटी इंटरसिटी, पुणे-सीएसएमटी इंद्रायणी, सीएसएमटी-पुणे इंटरसिटी, डेक्कन एक्सप्रेस, प्रगति एक्सप्रेस, डेक्कन क्वीन और सिंहगढ़ एक्सप्रेस शामिल हैं। यात्रियों से वैकल्पिक योजना बनाने की अपील की गई है।

### रिशेड्यूल ट्रेनों की जानकारी

कुछ ट्रेनें जिनकी यात्रा 06.12.2025 से शुरू हुई थी, उन्हें 07.12.2025 को नए समय पर चलाया जाएगा। इसमें जोधपुर-हडपसर एक्सप्रेस, ग्वालियर-दौंड सुपरफास्ट, सीएसएमटी-धुले एक्सप्रेस, न्यू कोणार्क एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस और हैदराबाद एक्सप्रेस शामिल हैं।

### रेगुलेशन और विलंबित ट्रेनें

विशेष ब्लॉक के कारण जयपुर-यशवंतपुर सुपरफास्ट और बेंगलुरु-सीएसएमटी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें कर्जत और पुणे मंडल में कुछ मिनटों के लिए रेगुलेट की जाएंगी। इसी वजह से राजकोट-कोयंबटूर, एलटीटी-चेन्नई, पुणे-जयपुर और अन्य एक्सप्रेस ट्रेनें विलंब से चलेंगी।

### पुणे उपनगरीय ट्रेनों पर प्रभाव

07.12.2025 को पुणे-लोनावला-पुणे उपनगरीय ट्रेनें रद्द रहेंगी। इसके अलावा, सुबह 04.45 बजे से 17.20 बजे तक लोनावला के लिए प्रस्थान करने वाली ट्रेनें तलेगांव में शॉर्ट टर्मिनेट होंगी और लोनावला से पुणे/शिवाजी नगर के लिए 06.30 बजे से 19.00 बजे तक प्रस्थान करने वाली ट्रेनें तलेगांव से शॉर्ट ओरिजिनेट होंगी। दिनांक 08.12.2025 को सुबह 11:25 से 15:25 तक कुछ ट्रेनें जैसे सीएसएमटी-चेन्नई एक्सप्रेस रेगुलेट रहेंगी। पुणे उपनगरीय ट्रेनें सुबह 09:57 और 11:17 बजे प्रस्थान करने वाली सेवाएं तालेगांव में शॉर्ट टर्मिनेट और 11:30 और 14:50 बजे लोनावला से प्रस्थान करने वाली ट्रेनें शॉर्ट ओरिजिनेट होंगी।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।

**वृष** पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन** आय में निश्चितता रहेगी। शत्रुभय रहेगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

**कर्क** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी।

**सिंह** परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे। निवेश शुभ फल देगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

**कन्या** मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**तुला** मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा।

**वृश्चिक** जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यस्तता रहेगी।

**धनु** व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। जोखिम बिलकुल न लें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें।

**मकर** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। आशंका-कुशंका रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**कुंभ** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय होगी। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। बजट बिगड़ेगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचित व्यक्तियों पर अंधविश्वास न करें।

**मीन** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। कारोबारी सौदे बड़े हो सकते हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा, सावधानी रखें।

# रिश्तों की गुप्त कथा और परिवार का अदृश्य ज्योतिषीय ताना-बाना

जन्म कुंडली केवल ग्रहों की स्थिति का चार्ट नहीं होती। यह हमारे जीवन में मौजूद हर रिश्ते का एक अदृश्य, सूक्ष्म और गहरा मानचित्र है। किसी मनुष्य की जन्म की घड़ी में, जिस भाव में जो ग्रह स्थित होते हैं, वे केवल उसकी किस्मत नहीं लिखते, बल्कि उसके परिवार के हर सदस्य से जुड़ी ऊर्जा, स्वभाव, उतार-चढ़ाव, प्रेम, मतभेद, और भविष्य की दिशा तक को दर्शाते हैं। यह एक ऐसा विज्ञान है जो व्यक्ति और परिवार के रिश्तों की गुत्थियों को खोल देता है।

कुंडली का हर भाव किसी न किसी खास रिश्तेदार का प्रतिनिधि होता है। कोई ग्रह उस भाव में बैठकर उस रिश्तेदार के व्यवहार, उसके स्वभाव, उसकी खुशियों, उसके संघर्षों और उसके साथ व्यक्ति के संबंधों को उजागर करता है। यही नहीं, एक भाव से दूसरे भाव तक के गणित से हम एक पूरे विस्तृत परिवार वृक्ष की तस्वीर भी पढ़ लेते हैं। मानो कुंडली हमें यह कह रही




प्रियंका जैन
9769994439

हो कि—"तुम्हारे जीवन में जो भी लोग जुड़े हैं, वे सब मेरे अंदर बसे हुए हैं।"

सबसे पहले नवम भाव की चर्चा होती है, क्योंकि इसे धर्म, भाग्य और पिता का भाव कहा जाता है। पिता के विचार, उनके संस्कार, उनके जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव, उनके साथ व्यक्ति का प्रेम-सम्मान—सभी बातें नवम भाव खोलकर रख देता है। एक महिला के लिए उसका पति सप्तम भाव से देखा जाता है। उसके विवाह का सुख, उसके पति का स्वभाव, भविष्य, वैवाहिक सामंजस्य—यह सब सप्तम भाव की गहराइयों में छिपा रहता है।

बात जब माता-पिता की आती है, तब चतुर्थ भाव यानी मातृ भाव महत्वपूर्ण हो जाता है, लेकिन पिता को केवल नवम भाव से ही नहीं, बल्कि चतुर्थ भाव से सप्तम अर्थात दशम भाव से भी आंका जाता है। यही दो भाव पूरे घर की नींव बनाते हैं। एक घर में माता और पिता ही तो वह दो स्तंभ होते हैं जिन पर पूरा संसार टिका होता है। यदि चतुर्थ और दशम भाव अच्छे हों तो व्यक्ति का पारिवारिक आधार मजबूत माना जाता है।

कुंडली का तृतीय भाव जब नवम भाव से जुड़ता है, तो हमें छोटे भाई की पत्नी या छोटी बहन के पति के भविष्य और स्वभाव का संकेत मिलता है। यह वही भाव है जो छोटे भाई-बहनों से जुड़े सुख-दुख और वैवाहिक जोड़ियों की ऊर्जा को सामने लाता है। इसके बाद पंचम भाव आता है, जो बुद्धि, संतान और प्रेम का भाव माना जाता है। लेकिन जब पंचम भाव से सप्तम अर्थात एकादश भाव को देखा जाता है, तब यह किसी घर की पुत्रवधू यानी बहू के व्यक्तित्व तक का संकेत देता है। जिस घर में बहू आती है, वहां किस प्रकार का माहौल बनेगा—यह कई बार पंचम और एकादश भाव के मेल से स्पष्ट हो जाता है।

मातृ पक्ष की बात करें तो छठा भाव मामा-मौसी का दर्पण बनकर उभरता है। मातृ भाव से तीसरा गणित छठे भाव पर आकर रुकता है, और यह बताता है कि परिवार के मामा-मौसी के जीवन में कैसी ऊर्जा चल रही है। नानी के विचारों का प्रतिरूप सप्तम भाव में छिपा होता है, और नाना का संकेत प्रथम भाव से मिलता है। इस प्रकार मातृ पक्ष के रिश्ते कुंडली में एक अलग ही आभा बनाते हैं, मानो मानवीय रिश्तों का कोई कोमल स्पर्श हो।

पितृ पक्ष की ओर बढ़ें तो दशम भाव से तीसरा भाव यानी द्वादश भाव व्यक्ति के चाचा और बुआ का प्रतिनिधित्व करता है। यह भाव उन बुजुर्ग रिश्तों को दर्शाता है जो परिवार को दिशा देते हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

## 200 मीटर नीचे खाई में गिरी बोलेरो, पांच बारातियों की मौत

**चंपावत।** पाटी ब्लॉक क्षेत्र से बारात लौटते समय एक बोलेरो कार के गहरी खाई में गिरने से हादसा हो गया। वाहन घाट के पास बागधार में अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर नीचे जा लुढ़का, जिसमें 5 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक ही परिवार के दो सदस्य भी शामिल हैं। पुलिस, एसडीआरएफ एवं स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू अभियान चलाकर बड़ी मशक्कत के बाद शवों और घायलों को खाई से बाहर निकाला। सभी घायलों को उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट पहुँचाया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए लाया जा रहा है। हादसे के कारणों का फिलहाल पता नहीं चला है।मृतकों में प्रकाश चंद्र उनियाल (40 वर्ष) निवासी दिबडिब्बा विलासपुर, केवल चंद्र उनियाल (35 वर्ष) निवासी निवासी दिबडिब्बा विलासपुर, सुरेश नौटियाल (32 वर्ष) निवासी पंतनगर, प्रियांशु चौबे (6 वर्ष) पुत्र सुरेश चौबे, निवासी सियालदेह, भिक्यासेन, अल्मोड़ा व भावना चौबे (28 वर्ष) पत्नी सुरेश चौबे, निवासी सियालदेह, बिखयासेन, अल्मोड़ा शामिल हैं। दुर्घटना में देवीदत्त पांडेय (38) पुत्र रामदत्त पांडेय, सेराघाट (अल्मोड़ा) चालक, धीरज उनियाल (12) पुत्र प्रकाश चंद्र उनियाल, रुद्रपुर, राजेश जोशी (14) पुत्र उमेश जोशी, बनकोट गंगोलीहाट, चेतन चौबे (5) पुत्र सुरेश चौबे, दिल्ली व भास्कर पंडा, पुत्र रमेश पंडा, सेराघाट गंगोलीहाट घायल हो गये।

## 200 वर्ष पुराने राम–जानकी मंदिर परिसर में निर्माण विवाद की याचिका खारिज

**प्रयागराज।** नगर पंचायत शंकरगढ़ के सदर बाजार स्थित लगभग दो सौ वर्ष पुराने राम–जानकी मंदिर परिसर में कथित अवैध निर्माण के आरोपों पर दायर जनहित याचिका को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि निजी भूमि से जुड़े विवादों में जनहित याचिका स्वीकार्य नहीं है और ऐसे मामलों में राज्य को किसी प्रकार का निर्देश जारी नहीं किया जा सकता। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने कहा कि नगर पंचायत के अभिलेखों के अनुसार विवादित भूमि राजा महेंद्र प्रताप सिंह के निजी स्वामित्व में है। इसलिए मंदिर परिसर में किए जा रहे निर्माण को लेकर जनहित याचिका दायर करना विधिसम्मत नहीं है। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता दी कि वे चाहें तो कानूनन उपलब्ध किसी अन्य उचित फोरम पर जा सकते हैं।

## नकल रोकने के लिए यूपी बोर्ड ने उठाए कदम

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को पूरी तरह नकलमुक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया है। बोर्ड ने 103 वर्ष में पहली बार उत्तर पुस्तिकाओं का लेआउट बदल दिया है, जिससे कॉपियों की अदला-बदली अथवा किसी भी प्रकार की हेराफेरी की संभावना पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। नई कापियों में सुरक्षा के कई उन्नत प्रावधान शामिल किए गए हैं। बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने बताया कि इस बार 10वीं–12वीं की परीक्षाओं में प्रयोग होने वाली करीब 2.60 करोड़ कापियां प्रदेश के चार राजकीय मुद्रणालयों—प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी और रामपुर में छप रही हैं। जनवरी तक इन्हें सभी जिलों में भेज दिया जाएगा।

# शिक्षिका हत्या का खुलासा गलतफहमी में हुई हत्या

## तीन गिरफ्तार, बाराबंकी की रहने वाली थीं शिक्षिका शिवानी कुमारी वर्मा

**एजेंसी । अररिया**

बिहार के अररिया जिले के नरपतगंज में उत्तर प्रदेश की शिक्षिका शिवानी कुमारी वर्मा की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में तीन आरोपित—दो अपराधी मो. मारूफ, मो. सोहेल और मुख्य साजिशकर्ता महिला हुशनन उर्फ हुस्न आरा—को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से देशी कट्टा, घटना में प्रयुक्त बाइक यामाहा एफजेड, घटना के समय पहने गए कपड़े और जूते बरामद किए हैं।



### तीन लाख में की हत्या

दूसरा अपराधी मो. सोहेल फारबिसगंज से पकड़ा गया। मुख्य साजिशकर्ता हुस्न आरा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। बाकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि मारुफ और सोहेल ने घटना के पहले स्थानों की रेकी की थी और 03 लाख रुपये में इस हत्या को अंजाम दिया। घटना स्थल पर शिवानी वर्मा अपने स्कूटी से गुजर रही थीं, तभी अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। यह मामला न केवल हत्या की गंभीरता बल्कि गलतफहमी में हुई जानलेवा गलती के कारण भी चर्चित है।

### घटना की वजह

मुख्य साजिशकर्ता हुस्न आरा की योजना किसी अन्य महिला शिक्षिका की हत्या करने की थी, लेकिन संयोगवश लक्षित शिक्षिका अवकाश पर थीं। बदमाशों ने शिवानी वर्मा को उसी महिला शिक्षिका समझकर गोली मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई।

### घटना का क्रम

सुबह साढ़े आठ बजे शिवानी वर्मा विद्यालय जाने के दौरान कन्हैली शिव मंदिर के पास दो अज्ञात बाइक सवार अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतका की बहन की शिकायत पर नरपतगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। एसपी अंजनी कुमार ने बताया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) ने सीसीटीवी फुटेज, क्षेत्रीय जानकारी और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी की पहचान की।

# चलती स्कूल वैन में हार्ट अटैक से चालक का निधन

**एजेंसी । औरैया**

उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के सहार कस्बे में शुक्रवार की सुबह एक दुखद घटना घटी। मालती देवी शिक्षा निकेतन के स्कूली बच्चों को स्कूल ले जा रहे इको वाहन के चालक इसराज अली उर्फ बाबूलाल (45) को रास्ते में अचानक हार्ट अटैक आ गया। सूत्रों के अनुसार घटना सुबह लगभग आठ बजे हुई, जब वाहन गांव बराऊ से पुरवा ललऊ की ओर जा रहा था। चालक को अचानक दिल का दौरा पड़ने के कारण वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और इको वाहन सड़क किनारे स्थित एक प्लॉट में जा घुसी। घटना के समय वाहन की खिड़की खुल गई, जिससे चालक नीचे गिर पड़े। बच्चों में चीख-पुकार मच गई, लेकिन आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। एम्बुलेंस को सूचना दी गई, लेकिन उसके आने तक चालक की मौत हो चुकी थी। मृतक इसराज अली का परिवार ग्राम जीवा




सिरसानी, थाना सहार में रहता है। उनके पीछे पत्नी, दो बेटे और छह बेटियां हैं, जिनमें से एक की शादी हो चुकी है। परिजन ने बताया कि उन्हें इससे पहले भी दो बार हार्ट अटैक आ चुका था और उनका इलाज चल रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। बच्चों को सुरक्षित स्कूल लाया गया है, हालांकि वे इस हादसे से काफी डर और सहम गए हैं। मृतक का शव उनके गाँव ले जाया गया है, जहां अंतिम संस्कार की तैयारियां की जा रही हैं। यह घटना स्कूल वैन के चालक और बच्चों की सुरक्षा के लिए चेतावनी भी पेश करती है, खासकर उन वाहनों और ड्राइवरों के मामले में जिनका स्वास्थ्य संवेदनशील हो।

## हाईटेंशन टावर पर चढ़ा युवक, तीन घंटे चला ड्रामा

**औरैया।** बिधूना तहसील क्षेत्र के बेला थाना अंतर्गत नया पुरवा गांव में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब पारिवारिक विवाद से आहत एक युवक अचानक हाईटेंशन पावर ट्रांसमिशन लाइन के विशाल टावर पर चढ़ गया। करीब 20 वर्षीय विकास पुत्र चंद्रबहन के ऊंचाई पर पहुंचते ही पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों के अनुसार युवक सुबह लगभग आठ बजे टावर पर चढ़ा और काफी देर तक लोहे की बीम पर बैठा रहा। लोगों ने उसे बार-बार नीचे उतरने की गुहार लगाई, लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था। सूचना मिलते ही बेला थाना प्रभारी गंगादास गौतम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने भीड़ को दूर किया और चारों ओर सुरक्षा घेरा बनाकर स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद लाउडस्पीकर से युवक को शांत कराने और बातचीत के माध्यम से विश्वास दिलाने का प्रयास शुरू किया गया। करीब तीन घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान थाना प्रभारी लगातार युवक से संवाद करते रहे।

# 128 फर्मों के खिलाफ एफआईआर लाखों की औषधियां जब्त

**एजेंसी । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में अवैध नशे के कारोबार पर योगी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की संयुक्त कार्रवाई में कोडीनयुक्त कफ सिरप और नॉरकोटिक्स श्रेणी की औषधियों के अवैध भंडारण और बिक्री पर सघन छापेमारी की गई। इस अभियान में अब तक 128 एफआईआर दर्ज की गई हैं और कई सौदागरों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि पूरे प्रदेश में लाखों रुपये की अवैध नॉरकोटिक और कोडीनयुक्त दवाएं जब्त की गई हैं। जांच में संदिग्ध पाए गए अभिलेखों के आधार पर दो दर्जन से अधिक मेडिकल स्टोर्स पर कोडीन सिरप और नॉरकोटिक दवाओं की बिक्री पर रोक लगा दी गई है।



### इस नंबर पर बेहिचक दें सूचना

आयुक्त ने आम जनता से अपील की कि अवैध नॉरकोटिक दवाओं की जानकारी व्हाट्सएप नंबर 8756128434 पर दें। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत नकली औषधि और नशे के रूप में दुरुपयोग होने वाली दवाओं के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। एफएसडीए और एएनटीएफ का यह विशेष अभियान प्रदेश में नशे की प्रवृत्ति को रोकने और अवैध तस्करी के नेटवर्क को कुचलने के उद्देश्य से जारी है। अधिकारियों का कहना है कि आगामी दिनों में भी इस प्रकार की निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि युवाओं को नशे से दूर रखा जा सके और अवैध दवा कारोबार पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

## यूपी को नवंबर में मिला 18,997 करोड़ का राजस्व

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के नवंबर माह में कुल 18,997.86 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह राशि पिछले वर्ष नवंबर में मिली 18,389.80 करोड़ रुपये की तुलना में 608 करोड़ रुपये अधिक है। यह जानकारी वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने दी। मंत्री ने बताया कि कर राजस्व मदों के तहत नवंबर तक 1,41,449.47 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 74 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी के बाद बाजार में मांग बढ़ी है और आने वाले महीनों में बेहतर परिणाम की उम्मीद है। जीएसटी से नवंबर 2025 में 7,472.59 करोड़ रुपये मिले, जबकि पिछले वर्ष इसी माह में 7,793.48 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई थी। परिवहन विभाग को लक्ष्य 9,052.40 करोड़ के मुकाबले 7,934.44 करोड़ रुपये (87.7%) प्राप्त हुए हैं। करेत्तर राजस्व में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की नवंबर तक की प्राप्ति 2,376.31 करोड़ रुपये रही, जो निर्धारित लक्ष्य 3,600 करोड़ का 66 प्रतिशत है।

# अभी भी नौकरी पर हैं चार अपात्र शिक्षक

**एजेंसी । हाथरस**

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में बेसिक शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली में गंभीर गड़बड़ी उजागर हुई है। जिले के चार अपात्र शिक्षक आज भी अपनी सरकारी नौकरी में बने हुए हैं, जबकि उनके सेवा समाप्ति के आदेश छह माह पहले ही जारी किए जा चुके थे। बीएसए स्वाति भारती ने बताया कि संबंधित शिक्षकों को अंतिम नोटिस जारी कर दिया गया है, ताकि वे अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकें।

### वर्तमान स्थिति

नोटिस जारी होने के लगभग चार माह बीत जाने के बाद भी इन शिक्षकों की सेवाएं समाप्त नहीं हुई हैं। बीएसए स्वाति भारती का कहना है कि अब उन्हें अंतिम नोटिस दिया गया है और इसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। यह मामला शिक्षक भर्ती में शैक्षिक योग्यता और विभागीय अनुशासन को लेकर उठ रहे सवालों को और अधिक गंभीर बनाता है।




### मामले का इतिहास

कोर्ट के आदेश के बाद बेसिक शिक्षा विभाग के सचिव ने 9 मई 2025 को आदेश जारी किया था कि निर्धारित तिथि तक शैक्षिक योग्यता पूरी न करने वाले शिक्षकों की सेवाएं समाप्त की जाएं। यह आदेश 69000 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत आया था, जिसकी अधिसूचना 1 दिसंबर 2018 को प्रकाशित हुई थी और आवेदन की अंतिम तिथि 22 दिसंबर 2018 थी। शासनादेश के बाद बीएसए ने 24 मई को तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की। समिति ने 9 जून को रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें चार अपात्र शिक्षक हाथरस जिले के विभिन्न ब्लॉकों से सामने आए।




# चालू वित्त वर्ष में GDP ग्रोथ 7.3% रहने की उम्मीद

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार उम्मीद से बेहतर रहने पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि दर का अनुमान बढ़ा दिया है। केंद्रीय बैंक ने पहले 6.8 प्रतिशत के अनुमान को संशोधित करते हुए अब इसे 7.3 प्रतिशत कर दिया है। यह फैसला जुलाई–सितंबर तिमाही में दर्ज 8.2 प्रतिशत की मजबूत आर्थिक वृद्धि के आधार पर लिया गया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद प्रेस वार्ता में कहा कि व्यापक आर्थिक संकेतकों और भविष्य की संभावनाओं का विश्लेषण करने के बाद यह संशोधन आवश्यक लगा।




### जीएसटी संग्रह में सुधार

गवर्नर ने बताया कि उपभोग में मजबूती, जीएसटी संग्रह में सुधार और आर्थिक गतिविधियों के निरंतर विस्तार ने दूसरी तिमाही की GDP वृद्धि को गति दी है। इन सकारात्मक संकेतों को देखते हुए वित्त वर्ष 2025–26 के लिए विकास अनुमान 7.3 प्रतिशत किया गया है, जो पिछले अनुमान से लगभग 0.5 प्रतिशत अधिक है। आरबीआई के अनुसार, वित्त वर्ष 2025–26 की तीसरी और चौथी तिमाही में GDP वृद्धि क्रमशः 7 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### रेपो रेट में की गई कटौती

आर्थिक गतिविधियों में तेजी और महंगाई में आई कमी को देखते हुए केंद्रीय बैंक ने नीतिगत रेपो रेट में भी 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। इससे रेपो रेट 5.5 प्रतिशत से घटकर 5.25 प्रतिशत पर आ गया है। मल्होत्रा के अनुसार, ग्रामीण मांग मजबूत हो रही है, शहरी उपभोग में लगातार सुधार दिख रहा है और घरेलू अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति स्थिर है। इन कारणों ने नीतिगत दरों में कटौती को मजबूत आधार दिया। गौरतलब है कि अक्टूबर 2025 में खुदरा महंगाई तेजी से घटकर 0.25 प्रतिशत के ऐतिहासिक निचले स्तर पर आ गई, जिससे आर्थिक नीति निर्माण में राहत मिली है।

# पेन-फ़्री महाराष्ट्र को मिला गिनीज़ रिकॉर्ड

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

ममता और मधुसूदन अग्रवाल फ़ाउंडेशन ने पेन-फ़्री महाराष्ट्र अभियान के तहत एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 24 घंटे में सबसे अधिक घुटने की जाँच करने का गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स खिताब प्राप्त किया। यह रिकॉर्ड जापान से आई गिनीज़ निर्णायक सुश्री सोनिया उशिरोगोची ने प्रमाणित किया। रिसोड (वाशिम) में 27-28 नवंबर के बीच आयोजित इस मेगा हेल्थ कैंप में वंचित समुदायों के 512 मरीजों की जाँच की गई। कैंप में वाशिम, अकोला, अमरावती, बुलढाणा और यवतमाल सहित 10 से




अधिक ज़िलों के मरीजों की कूल्हे और घुटने की मुफ्त जाँच, डॉक्टर परामर्श, चाल और गतिशीलता मूल्यांकन किया गया। जिन्हें जॉइंट रिप्लेसमेंट की आवश्यकता पाई गई, उनकी सर्जरी का पूरा खर्च फ़ाउंडेशन वहन करेगा। फ़ाउंडेशन के प्रमुख श्री मधुसूदन अग्रवाल ने इसे "समाज को समर्पित एक सेवा" बताते हुए अपने 70वें जन्मदिन पर ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए 70 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। फ़ाउंडेशन अब तक 214 मुफ्त मेडिकल कैंप आयोजित कर 39,000 से अधिक लोगों को लाभ पहुंचा चुका है, जिसमें कैंसर सर्जरी, मोतियाबिंद ऑपरेशन, डायलिसिस और जॉइंट रिप्लेसमेंट जैसी सेवाएँ शामिल हैं।

## दो लाख रुपये से नीचे आई चांदी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में गुरुवार को हल्की कमजोरी देखी गई। बाजार खुलते ही चांदी 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई, जिसके बाद चेन्नई और हैदराबाद में यह धातु एक बार फिर 2 लाख रुपये के स्तर से नीचे फिसल गई। देशभर के प्रमुख सर्राफा बाजारों में चांदी की कीमतें आज 1,87,700 से 1,95,900 रुपये प्रति किलोग्राम के दायरे में दर्ज की गईं। दिल्ली में चांदी का भाव घटकर 1,90,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। मुंबई, अहमदाबाद और कोलकाता में भी दाम 1,90,700 रुपये प्रति किलोग्राम रहे। वहीं जयपुर, सूरत और पुणे में यह कीमत 1,91,000 रुपये, और बेंगलुरु में 1,91,200 रुपये प्रति किलोग्राम रही। पटना और भुवनेश्वर में चांदी 1,90,800 रुपये के स्तर पर कारोबार करती दिखी।

# आरबीआई ने घटाया महंगाई का पूर्वानुमान

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महंगाई पर राहत भरी खबर देते हुए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए खुदरा महंगाई दर का अनुमान घटा दिया है। केंद्रीय बैंक ने अपने ताजा आकलन में मुद्रास्फीति का अनुमान 2.6 फीसदी से कम करके 2 फीसदी कर दिया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद जानकारी दी कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में भारी गिरावट और जीएसटी दरों में कटौती का सीधा असर महंगाई पर देखा गया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात बताते हैं कि अक्टूबर में लगाई गई उम्मीदों से भी कम मुद्रास्फीति दर्ज हो सकती है। मल्होत्रा के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में खुदरा महंगाई 0.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 2.9 फीसदी रहने का अनुमान है। वहीं 2026-27 की पहली और दूसरी तिमाही के लिए सीपीआई आधारित महंगाई क्रमशः 3.9 और 4.0 फीसदी आंकी गई है।

### जीएसटी दर में कटौती भी एक कारण



गवर्नर ने बताया कि इस वर्ष अच्छी रबी की व्यवहारिक बुवाई,जलाशयों में पर्याप्त पानी और मिट्टी में नमी जैसे कारकों ने खाद्य आपूर्ति को मजबूती दी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अधिकांश जिंसों की कीमतों में नरमी दिख रही है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर अंतर्निहित मुद्रास्फीति दबाव कमजोर हुआ है, जबकि कीमती धातुओं की कीमत बढ़ने का प्रभाव सीमित है। गौरतलब है कि अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर गिरकर 0.25 फीसदी के ऐतिहासिक निचले स्तर पर आ गई थी, जिसका मुख्य कारण सब्जियों, फलों और अन्य खाद्य पदार्थों के दामों में दर्ज गिरावट और जीएसटी रेट कटौती रही।

## संकट में इंडिगो एयरलाइन: तीन प्रतिशत गिरा शेयर

**नई दिल्ली।** इंडिगो विमानों के परिचालन में लगातार परेशानी बनी हुई है। गुरुवार की तरह शुक्रवार को भी देश के अलग-अलग हिस्सों में स्थित एयरपोर्ट से इंडिगों की उड़ाने रद्द की गई हैं। जयपुर, जोधपुर, प्रयागराज समेत दर्जनों हवाई अड्डों पर शुक्रवार को स्थिति और ज्यादा खराब नजर आई। जयपुर और जोधपुर एयरपोर्ट पर ऑपरेशनल गड़बड़ियों के चलते 8 फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया, जबकि चेन्नई जाने वाली एक फ्लाइट को अगले आदेश तक कैंसिल कर दिया गया है। ऑपरेशनल दबाव का असर शेयर बाजार पर भी दिखा। शुक्रवार दोपहर बीएसई में इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो) का शेयर करीब 3% गिरकर 5,291.45 रुपये पर आ गया। उद्योग विश्लेषकों का कहना है कि क्रू की कमी का प्रभाव तब तक बना रह सकता है, जब तक एयरलाइन अपनी शेड्यूलिंग और मानव संसाधन व्यवस्था में आवश्यक सुधार नहीं करती। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार एयरलाइन का OTP 8.5 प्रतिशत पर सिमट गया, जो क्रू की कमी और हाल में लागू किए गए संचालन नियमों के चलते उत्पन्न व्यवधानों का सीधा परिणाम है।

# 10 दिसंबर से खुलेगा पार्क मेडी वर्ल्ड लिमिटेड का आईपीओ

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

पार्क मेडी वर्ल्ड लिमिटेड अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार, 10 दिसंबर 2025 को खोलने जा रही है। कंपनी कुल 9,200 मिलियन रुपये 920 करोड़ के ऑफर के साथ बाजार में उतरेगी, जिसमें 7,700 मिलियन 770 करोड़ का नया इश्यू और प्रवर्तक विक्रेता डॉ. अजीत गुप्ता द्वारा 1,500 मिलियन 150 करोड़ तक का बिक्री प्रस्ताव शामिल है। आईपीओ के लिए एंकर निवेशक बोली 9 दिसंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। आम निवेशकों के लिए बोली 10 दिसंबर को खुलेगी और 12 दिसंबर 2025 को बंद होगी। कंपनी ने शेयरों का




मूल्य दायरा 154 से 162 प्रति इक्विटी शेयर तय किया है। आवेदन न्यूनतम 92 शेयरों और इसके गुणक में किए जा सकेंगे। कंपनी नए इश्यू से प्राप्त धनराशि का उपयोग मुख्य रूप से अपने और सहायक कंपनियों के बकाया ऋणों के पुनर्भुगतान, पार्क मेडिसिटी (एनसीआर) में नए अस्पताल के विकास, ब्लू हेवन्स और रत्नागिरी यूनिट के लिए मेडिकल उपकरणों की खरीद तथा संभावित अकार्बनिक अधिग्रहण और सामान्य कॉर्पोरेट जरूरतों के लिए करेगी। कंपनी का कहना है कि यह पूंजी विस्तार उसकी स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा और परिचालन क्षमता बढ़ाएगा। बुक रनिंग लीड मैनेजर्स की जिम्मेदारी नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड, सीएलएसए इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, डैम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड और इंटेंसिव फिस्कल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड निभाएंगे। यह आईपीओ कंपनी के 4 दिसंबर 2025 को दाखिल रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) के अनुसार बीएसई और एनएसई दोनों पर सूचीबद्ध होगा। कंपनी का लक्ष्य पूंजी जुटाकर अपने अस्पताल नेटवर्क और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को गति देना है।

## न्यूज ब्रीफ

### पटाया में पांच पदक जीतने वाला दल सम्मानित



**नई दिल्ली।** एफईआई एशियन इक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम को केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को सम्मानित किया। थाईलैंड के पटाया में आयोजित इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में छह सदस्यीय भारतीय दल ने टीम और व्यक्तिगत मिलाकर कुल पांच पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इवेंटिंग स्पर्धा में भारत के आशीष लिमये ने स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया, जबकि टीम इवेंट में उन्होंने रजत पदक भी हासिल किया। ड्रेसाज में श्रुति बोरा ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन रजत पदक अपने नाम किए—दो व्यक्तिगत और एक टीम श्रेणी में। टीम के अन्य सदस्य शशांक सिंह कटारिया और शशांक कनमुड़ी (इवेंटिंग) तथा दिव्याकृति सिंह और गौरव पुंडीर (ड्रेसाज) भी इस सफलता के अहम हिस्सेदार रहे। खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि भारत अब उन खेल विधाओं में भी अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज करा रहा है, जहां पहले हमारा प्रतिनिधित्व बहुत कम था। उन्होंने कहा, "यह नया भारत है। पिछले दस वर्षों में देश के खेल ढांचे में बड़े बदलाव हुए हैं।

# टीम इंडिया की साख दांव पर

## दक्षिण अफ्रीका से तीसरा और निर्णायक मुकाबला आज विशाखापत्तनम में

### 38 साल में पहली बार घर में एक साथ टेस्ट और वनडे सीरीज हारने का खतरा

**विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम में शनिवार को टीम इंडिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा और निर्णायक वनडे मैच खेला जाएगा। टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद अब भारतीय टीम को घर में दोनों सीरीज हारने से बचना है। 38 साल में पहली बार ऐसा होगा जब टीम को टेस्ट और वनडे दोनों में हार का सामना करने से रोकना होगा। पिछले उदाहरण 1986-87 का है, जब भारत ने टेस्ट में पाकिस्तान से हारने के बाद वनडे सीरीज भी गंवाई थी।



### भारतीय बल्लेबाजों की तैयारी

शानदार फॉर्म में चल रहे विराट कोहली को युवा बल्लेबाजों का समर्थन मिल रहा है। गायकवाड़ ने पिछले मैच में अपना पहला वनडे शतक जड़ा था और अब चौथे क्रम पर अपनी जगह मजबूत करना चाहेंगे। यशस्वी जायसवाल अभी तक सलामी बल्लेबाजी में बड़ी शुरुआत नहीं कर पाए हैं, लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों के खिलाफ खुद को साबित करने के लिए उत्सुक हैं। रोहित शर्मा भी बड़ी पारी खेलने के लिए तैयार हैं।

### गेंदबाजी भारत के लिए चिंता का विषय

भारतीय गेंदबाजी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। कप्तान केएल राहुल की टीम को उम्मीद है कि युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध और राणा अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा और सूर्यकुमार सुंदर भी फिरकी का कमाल दिखाकर विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने का प्रयास करेंगे।

### दक्षिण अफ्रीका की नजर सीरीज पर

दक्षिण अफ्रीकी टीम दोहरी सफलता हासिल करने को बेताब है। 2021-22 में उन्होंने अपने घर में भारत को टेस्ट में 2-1 और वनडे में 3-0 से हराया था। इस बार भी टीम के मार्करम, मैथ्यू ब्रेटज्के और ब्रेविस बल्ले के साथ कप्तान बावुमा से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। भारतीय टीम में इस मैच में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। बल्लेबाजों और गेंदबाजों को एक साथ मिलकर प्रदर्शन करना होगा ताकि घरेलू मैदान पर सीरीज को बचाया जा सके। दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ भारतीय टीम की यह आखिरी कोशिश होगी, जिसमें अनुभव और युवा खिलाड़ियों का सामंजस्य निर्णायक साबित होगा।

### आमने-सामने

| | |
|---|---|
| कुल मैच | : 96 |
| भारत जीता | : 41 |
| दक्षिण अफ्रीका जीता | : 52 |
| बेनतीजा | : 3 |

### पिच रिपोर्ट

एसीए-वीडीसीए स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल होती है। रनों की खूब बरसात होगी। मौसम बारिश की संभावना नहीं है। अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

### भारत कड़ी टक्कर देगा : ब्रेट्ज्के

**विशाखापत्तनम।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज मैथ्यू ब्रेट्ज्के अच्छी तरह जानते हैं कि भारतीय टीम निर्णायक मुकाबले में कड़ी चुनौती पेश करेगा। हालांकि उन्हें इससे पार पाने के लिए अपनी संतुलित बल्लेबाजी पर भरोसा है। उन्होंने शुक्रवार को कहा, हम जानते हैं कि हमें एक बहुत अच्छी टीम का सामना करना होगा। हमें पता है कि वह जीत हासिल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह एक ऐसा मैच है जिसमें दोनों टीम के लिए जीत हासिल करना जरूरी है। इसलिए यह एक बहुत अच्छा मुकाबला होने वाला है। हमारी टीम में अच्छा संतुलन है। हमारे निचले क्रम में कुछ खिलाड़ी अच्छे बल्लेबाज हैं।

# प्रीमियर लीग: मागासा ने बचाई वेस्ट हैम की इज्जत

### मैनचेस्टर यूनाइटेड और वेस्ट हैम 1-1 से बराबर

**मैनचेस्टर।** ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए प्रीमियर लीग मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड गुरुवार को वेस्ट हैम यूनाइटेड को हराने में नाकाम रहा और मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस ड्रॉ के साथ यूनाइटेड लीग तालिका में पाँचवें स्थान पर पहुंचने का मौका खो बैठा, जबकि वेस्ट हैम अब भी रिलीगेशन ज़ोन से बाहर नहीं निकल सका।

पहले हाफ में दोनों टीमों का प्रदर्शन साधारण रहा और गोल के कोई बड़े अवसर नहीं बने। मैच का पहला गोल 58वें मिनट में तब आया जब कासेमीरो के शॉट पर डिफ्लेक्शन मिला और दीओगो डालोट ने घूमकर गेंद को नेट में डालते हुए यूनाइटेड को बढ़त दिला दी।



### मैनचेस्टर 22 अंकों के साथ आठवें स्थान पर

अंतिम क्षणों में वेस्ट हैम ने वापसी की। मैच खत्म होने से ठीक सात मिनट पहले सऊंगौतू मागासा ने रिबाउंड पर जोरदार शॉट लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया। बराबरी के इस गोल के साथ ही स्टेडियम में यूनाइटेड प्रशंसकों की ओर से असंतोष की आवाजें भी सुनाई दीं। अंक तालिका में मैनचेस्टर यूनाइटेड 22 अंकों के साथ आठवें स्थान पर है, जबकि वेस्ट हैम 12 अंकों के साथ 18वें स्थान पर बना हुआ है और 17वें नंबर की लीड्स यूनाइटेड से दो अंक पीछे है।

### अंत समय तक नहीं मिली निर्णायक बढ़त

मुकाबले की शुरुआत में वेस्ट हैम ने गेंद पर अधिक नियंत्रण रखा, लेकिन गोल की दिशा में कोई खास खतरा नहीं बना पाए। इसके बाद यूनाइटेड ने लय पकड़ी। ब्रायन मब्यूमो के दूर से किए गए शॉट को अल्फोंस अरियोला ने शानदार बचाव से बार के ऊपर भेजा। वेस्ट हैम के डिफेंडर आरोन वान-बिसाका ने अपने पूर्व क्लब के खिलाफ खेलते हुए पहले हाफ में कई महत्वपूर्ण टैकल किए और टीम को गोल खाने से बचाया। मैच के अंतिम मिनटों में दोनों टीमों ने विजयी गोल की तलाश में प्रयास किए, लेकिन निर्णायक बढ़त किसी को नहीं मिली। खराब फिनिशिंग और चूके मौकों के चलते यूनाइटेड को अंततः एक निराशाजनक ड्रॉ से ही संतोष करना पड़ा।

# एशियन कप आर्म रेसलिंग : ओनम गाम्नो टीम इंडिया की कप्तान

### 2023 की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीते थे दो स्वर्ण पदक, श्रीमंत झा उपकप्तान नियुक्त

**नई दिल्ली।** एशियन कप आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप से पहले टीम इंडिया के नेतृत्व को नई दिशा देते हुए प्रो पंजा लीग ने अरुणाचल प्रदेश की प्रतिभावान आर्म रेसलर ओनम गाम्नो को टीम की कप्तान और छत्तीसगढ़ के पैरा-एथलीट श्रीमंत झा को उपकप्तान नियुक्त किया है। कप्तान बनीं 27 वर्षीय ओनम गाम्नो ईस्ट सियांग जिले के नगोपोक गांव की निवासी हैं और देश की प्रमुख महिला आर्म रेसलर्स में शामिल हैं। उन्होंने 2024 के मुंबई एशियन कप में रजत व कांस्य, 2025 की नेशनल चैंपियनशिप में कांस्य और 2023 की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए थे।




### देश का प्रतिनिधित्व सम्मान की बात

कप्तान ओनम गाम्नो ने कहा, देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं पूरी ताकत से खेलूंगी और भारत का नाम रोशन करने की कोशिश करूंगी। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (PAFI) की अध्यक्ष और एशियन आर्म रेसलिंग फेडरेशन (AAF) की उपाध्यक्ष प्रीति झंगियानी ने चयन को भारतीय आर्म रेसलिंग की बढ़ती क्षमता का प्रतिबिंब बताया।

## फखर जमान ICC आचार संहिता उल्लंघन के दोषी

**दुबई।** पाकिस्तान के बल्लेबाज फखर ज़मान को 29 नवंबर को श्रीलंका के खिलाफ खेले गए त्रि-सीरीज फाइनल के दौरान आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है। आईसीसी ने उन पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। ज़मान ने आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 का उल्लंघन किया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अंपायर के निर्णय पर असहमति जताने से संबंधित है। यह पिछले 24 महीनों में उनका पहला अपराध है, जिसके चलते उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट जोड़ा गया है। यह घटना पाकिस्तान की पारी के 19वें ओवर में हुई, जब आउट दिए जाने के बाद ज़मान ने ऑन-फील्ड अंपायरों से लंबे समय तक बहस की।



# 50 मीटर राइफल 3पी में सरताज को स्वर्ण पदक

**जयपुर।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) 2025 में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के युवा निशानेबाज सरताज तिवाना ने कठिन परिस्थितियों को मात देते हुए 50 मीटर राइफल थ्री-पोज़ीशन इवेंट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सरताज ने टीम स्पर्धा में भी एलपीयू को गोल्ड दिलाकर अपना दबदबा कायम रखा। मास्टर्स इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के अंतिम वर्ष के छात्र सरताज के लिए यह टूर्नामेंट आत्मविश्वास लौटाने का महत्वपूर्ण मौका था। पिछले एक वर्ष से पिता की गंभीर बीमारी और मानसिक थकान से जूझ रहे 23 वर्षीय खिलाड़ी ने प्रदर्शन में कोई कमी नहीं आने दी और निर्णायक मुकाबले में बेहतरीन




स्कोर के साथ गोल्डन फिनिश किया। सरताज ने कहा, "पिछला साल बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। लेकिन आज का परिणाम मेरे लिए बड़ी राहत है। यह मेरा चौथा यूनिवर्सिटी गेम्स था और हर बार पोडियम पर रहने का सिलसिला जारी रखना मेरे लिए गर्व की बात है।" बोर्डिंग स्कूल में शूटिंग की शुरुआत करने वाले सरताज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मजबूत पहचान बना चुके हैं।

## बॉ ली वु ड

# 'अखंड 2' की रिलीज पोस्टपोन, नई तारीख जल्द होगी घोषित



तेलुगु सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण के प्रशंसकों को उस समय बड़ा झटका लगा जब उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'अखंड 2' की रिलीज अचानक रोक दी गई। फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में उतरने वाली थी, लेकिन रिलीज से कुछ ही घंटे पहले निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि फिल्म को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया जा रहा है। 2021 में रिलीज हुई 'अखंड' ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल की थी, जिसके बाद इसके सीक्वल को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्सुकता थी। ऐसे में आखिरी वक्त पर रिलीज टलना फैंस के लिए बेहद निराशाजनक रहा।

### निर्माताओं का आधिकारिक बयान

फिल्म की टीम ने सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, भारी मन से आपको सूचित करते हुए खेद है कि अखंडा 2 अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण निर्धारित तारीख पर रिलीज नहीं हो पाएगी। हम जानते हैं कि यह इंतज़ार कर रहे दर्शकों के लिए कितना निराशाजनक है। हम स्थिति को हल करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। इससे पहले फिल्म का प्रीमियर शो भी अचानक रद्द कर दिया गया था, जिसने लोगों की चिंता और बढ़ा दी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की रिलीज मद्रास हाईकोर्ट के आदेश पर टाली गई है। कोर्ट ने इरोस इंटरनेशन मीडिया लिमिटेड की ओर से दायर की गई अपील पर फिल्म की स्क्रीनिंग पर रोक लगा दी। मामला दरअसल एक पुराने मध्यस्थता विवाद से जुड़ा है, जिसमें इरोस के पक्ष में फैसला आया था और कंपनी को लगभग 28 करोड़ रुपये (14% ब्याज सहित) का भुगतान किया जाना था। बकाया राशि का निपटारा होने तक अदालत ने 'अखंड 2' की रिलीज रोकने का आदेश दिया है।

# लंदन में लगा 'डीडीएलजे' के राज-सिमरन का स्टैच्यू

यश राज फ़िल्म्स की प्रतिष्ठित ब्लॉकबस्टर दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे (डीडीएलजे) के 30 साल पूरे होने के मौक़े पर लंदन के ऐतिहासिक लीसेस्टर स्क्वायर में राज और सिमरन की कांस्य प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। शाहरुख़ ख़ान और काजोल द्वारा अनावरण की गई यह प्रतिमा ऐतिहासिक है, क्योंकि यह पहली भारतीय फ़िल्म है जिसे इस प्रतिष्ठित स्थान पर जगह मिली है। अब यह प्रतिमा हैरी पॉटर, मैरी पॉपिन्स, पैडिंगटन और वंडर वुमन जैसे वैश्विक सांस्कृतिक प्रतीकों के साथ शान से खड़ी है।

प्रतिमा में राज और सिमरन का वह मशहूर पोज़ दर्शाया गया है, जिसने दक्षिण एशियाई समुदायों में पॉप-कल्चर की यादों पर अमिट छाप छोड़ी है। इस अवसर पर अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए शाहरुख़ ख़ान ने कहा कि किसी ने कल्पना नहीं की थी कि डीडीएलजे इतना बड़ा फिनोमेनन बन जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि यूके, विशेषकर




लंदन, उनके करियर और स्टारडम की यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। उनके अनुसार, यह सम्मान पूरे भारतीय फ़िल्म उद्योग के लिए गर्व का क्षण है।

काजोल ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि 30 साल बाद भी डीडीएलजे दुनिया की सबसे लंबे समय तक चलने वाली फिल्मों में से एक है और गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म विदेशों में बसे भारतीयों के लिए एक भावनात्मक प्रतीक बन चुकी है और यह प्रतिमा उन्हें 'घर' की याद दिलाएगी। 1995 में रिलीज़ हुई डीडीएलजे की प्रेम कहानी यूरोप से शुरू होकर भारत में सिमटती है। यह फिल्म आज भी भारतीय सिनेमा की सांस्कृतिक विरासत का जीवंत और अविस्मरणीय हिस्सा बनी हुई है।

# कपिल शर्मा का नया रोमांटिक अंदाज़

### 'रांझे नु हीर' में दिखा अनोखा अवतार

कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा इन दिनों अपने नए गाने 'रांझे नु हीर' को लेकर चर्चा में हैं। साल के रोमांटिक ट्रैक्स में शुमार किया जा रहा यह गीत अपने संगीत, शायरी भरे बोल और खूबसूरत विजुअल्स की वजह से तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इस गाने में कपिल शर्मा और हीरा वरीना की जोड़ी दर्शकों को खासा पसंद आ रही है। गाने में कपिल शर्मा का बिल्कुल नया, अनदेखा रोमांटिक अवतार नजर आता है। पगड़ी में उनका पारंपरिक लुक स्क्रीन पर एक ताजगी और आकर्षण लेकर आता है। हीरा वरीना के साथ उनकी सहज और प्रभावी केमिस्ट्री गाने की विशेषता बनकर उभरती है।




### संगीत और आवाज़ का बेहतरीन मेल

'रांझे नु हीर' का संगीत डिजीवी ने तैयार किया है, जिसकी धुनों में गहरी भावनाएं महसूस होती हैं। लवराज के लिखे बोल गाने को शायरी जैसा स्पर्श देते हैं, वहीं जुबिन नौटियाल की आवाज़ इसमें दर्द, प्यार और अपनापन भर देती है। तीनों की यह जुगलबंदी गीत को और प्रभावशाली बनाती है। गाने के साथ ही कपिल शर्मा अपनी फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' को लेकर भी सुर्खियों में हैं। पहली फिल्म की तरह यह सीक्वल भी कॉमेडी और कंफ्यूजन से भरपूर बताया जा रहा है। इस बार कहानी एक मल्टीकल्चर शादी के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां कपिल का किरदार लगातार उलझनों में फंसता जाता है और हास्य के नए-नए मोड़ सामने आते हैं।

# 'वाराणसी' के डिजिटल राइट्स पर छिड़ी जंग

पैन इंडिया फिल्मों को बनाने के लिए आजकल फिल्ममेकर्स खूब मेहनत कर रहे हैं। फिल्ममेकर एस एस राजामौली अपनी फिल्मों पर कितनी मेहनत करते हैं, ये बात सभी को पता है। राजामौली की फिल्में एक बड़े सिनेमा को दिखाती हैं और दर्शाती हैं। बाहुबली और आरआरआर के बाद अब राजामौली 'वाराणसी' नाम की फिल्म को लेकर आ रहे हैं, जिसकी चर्चा इस वक्त खूब हो रही हैं। भले ही फिल्म की रिलीज में करीब सालभर बाकी है, लेकिन रिलीज से पहले ही फिल्म करोड़ों की कमाई भी कर रही है।

राजामौली के इस धमामकेदार प्रोजेक्ट का धमाकेदार ऐलान हो चुका है। नवंबर के महीने में ही राजामौली ने फिल्म का लॉन्च इवेंट रखा था, जहां फिल्म के टीजर के साथ साथ फिल्म की पूरी कास्ट को रिवील किया गया। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आएंगे। अब फिल्म के ओटीटी डील को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। कहा जा रहा है कि वाराणसी के डिजिटल और ओटीटी राइट्स के लिए एक बड़ी डील हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, आरआरआर की सफलता के बाद और ऑस्कर जीतने के बाद राजामौली अपनी इस फिल्म के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ओवरसीज मार्केट में उनकी फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। बाहुबली 2 ने तो करीब 500 करोड़ का आंकड़ा भी पार किया है। ऐसे में वाराणसी के बोली तक लगनी शुरू हो गई है। सोर्स के मुताबिक, एक लीडिंग स्ट्रीमिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म फिल्म के डिजिटल राइट्स के लिए बड़ी रकम देने को तैयार है, जो कि हॉलीवुड फिल्म के बराबर है।



हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास




# पान मसाला-सिगरेट पर लगेगा नया टैक्स

**इसका इस्तेमाल नेशनल सिक्योरिटी में होगा, जिससे कारगिल जैसे हालात में बजट कम ना हो : वित्त मंत्री**

एजेंसी । नई दिल्ली

नई दिल्ली में शुक्रवार को लोकसभा में पास हुए हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल के तहत सिगरेट, पान मसाला जैसी हानिकारक वस्तुओं पर अतिरिक्त टैक्स लगाया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस उपकर से जुटाए गए धन का इस्तेमाल राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वास्थ्य योजनाओं के लिए किया जाएगा।

### राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए फंडिंग

बिल पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि कारगिल युद्ध में तैयारी की कमी और बजट की कमी के कारण आर्मी के पास केवल 70–80% हथियार और उपकरण उपलब्ध थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह उपाय यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य में सेना के पास आवश्यक संसाधनों की कमी न हो। सेस केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली वस्तुओं पर लगाया जाएगा, न कि किसी आवश्यक वस्तु पर।

### राजस्व का उपयोग और नियम

वित्त मंत्री ने बताया कि बिल से प्राप्त राजस्व राज्यों के साथ साझा किया जाएगा और स्वास्थ्य योजनाओं में लगाया जाएगा। इसके अलावा, पान मसाला इकाइयों पर 40 प्रतिशत जीएसटी के अलावा स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर भी लगाया जाएगा, ताकि आम नागरिक पर वित्तीय बोझ डाले बिना राष्ट्र की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सुनिश्चित किया जा सके।

### हमें मॉडर्न वॉरफेयर के लिए रिसोर्सेस की जरूरत : निर्मला सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसपर कहा कि मैं इसकी इम्पॉर्टेंस पर नहीं जाउंगी लेकिन देश की सुरक्षा की जरूरतों को पूरा करने के लिए हमें रिसोर्सेस की जरूरत है। लाल किले से पीएम ने मिशन सुदर्शन चक्र की जानकारी दी थी। ऑपरेशन सिंदूर के समय तीनों सेनाओं ने शानदार काम किया जिसमें टेक्निकल इंस्ट्रूमेंट्स की जरूरत पड़ी। यही मॉडर्न वॉरफेयर है और इसी के लिए हमें सेस लगाने की जरूरत है। ये पूरा फंड देश के लोगों की सुरक्षा में ही खर्च होगा। हम ये सेस केवल डीमेरिट गुड्स पर ही लगा रहे हैं। वित्त मंत्री ने प्रोडक्ट महंगे करने को लेकर कहा कि हमारी सरकार ने इनकम टैक्स में छूट दी। जीएसटी काउंसिल का भी धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने हमारी सिफारिशों का माना। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि ऐसे प्रोडक्ट्स सस्ते न हों। उन्होंने कहा कि एक वित्त मंत्री के रूप में उनका दायित्व धन जुटाना है, यह बात उन्होंने कुछ सदस्यों द्वारा यह पूछे जाने पर कही कि रक्षा बजट के लिए पान मसाले पर कर क्यों लगाया जाए।

### सेलेब्रिटी विज्ञापन कर रहे हैं, उन पर रोक लगाएं : बेनीवाल



हनुमान बेनीवाल सहित अन्य विपक्षी सांसदों ने इसका विरोध किया और इसे वापस लेने की मांग की। बेनीवाल ने सरकार से पूछा कि आप पान मसाला महंगा करने जा रहे हैं, गुटखा और पान मसाले का सेलेब्रिटी विज्ञापन कर रहे हैं। इसके खिलाफ सरकार क्या कर रही है। कांग्रेस के सांसद शशिकांत सेंथिल ने कहा कि इसे समझना मुश्किल है। ऐसे क्लॉज PMLA में देखने को मिले थे।

### भारत में 25.3 करोड़ स्मोकर्स हैं

दुनिया में सबसे अधिक तंबाकू का सेवन करने वाले देशों की लिस्ट में चीन के बाद भारत दूसरे नंबर पर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के 25.3 करोड़ लोग स्मोकिंग करते हैं। इनमें लगभग 20 करोड़ पुरुष हैं और 5.3 करोड़ महिलाएं हैं।

### भारत में सिगरेट से हर साल 10 लाख लोगों की मौत

DBD डीबीडी इंफो

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के मुताबिक, पूरी दुनिया में हर साल सिगरेट पीने की वजह से 80 लाख से ज्यादा लोगों की प्रीमेच्योर डेथ होती है। वहीं भारत में हर साल स्मोकिंग के कारण 10 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। इसमें अगर अन्य तंबाकू उत्पादों के सेवन के कारण हुई मौतों के आंकड़े भी जोड़ दिए जाएं तो भारत में हर साल लगभग 13.5 लाख लोगों की मौत तंबाकू के सेवन के कारण होती है। यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन के मुताबिक, सिगरेट पीने से लोगों की लाइफ एक्सपेक्टेंसी तेजी से घट रही है। एक सिगरेट पीने से जिंदगी के 20 मिनट कम हो रहे हैं। वहीं अगर कोई 10 साल तक रोज 10 सिगरेट पी रहा है तो इसका मतलब है कि उसकी जिंदगी के 500 दिन कम हो गए हैं।

# अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर लाचुंगपा गिरफ्तार

**भारत-चीन सीमा के पास से हुई गिरफ्तारी, कई सालों से चल रही थी फरार**



एजेंसी । भोपाल

मध्यप्रदेश के स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) और वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, नई दिल्ली ने भारत-चीन सीमा के पास उत्तर सिक्किम के लाचुंग, मंगन जिले से अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर यांगचेन लाचुंगपा को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 2 दिसंबर, 2025 को की गई। जानकारी के अनुसार, लाचुंगपा 10 साल से वांछित थी। वह बाघ और पेंगोलिन के अवैध शिकार एवं हड्डियों, स्केल की तस्करी में शामिल अंतरराष्ट्रीय गिरोह की महत्वपूर्ण कड़ी मानी जाती है। उसका नेटवर्क भारत, नेपाल, भूटान और चीन तक फैला हुआ है। भारत सरकार के अनुरोध पर इंटरपोल ने यांगचेन के खिलाफ रेड नोटिस भी जारी किया था।

### गिरोह के 31 सदस्य दबोचे गए

यह मामला देश का पहला ऐसा मामला है जिसमें शिकारियों, कूरियर और तस्करों सहित पूरे 31 सदस्यों के गिरोह को गिरफ्तार किया गया। लाचुंगपा को नर्मदापुरम न्यायालय में पेश कर रिमांड मांगा जाएगा, जिससे इस गंभीर प्रकरण में अग्रिम विवेचना संभव हो सके। एसटीएसएफ की इस सफल कार्यवाही को उत्कृष्टता के लिए पुरस्कृत किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी वन्यजीव संरक्षण और अवैध तस्करी के खिलाफ निरंतर प्रयासों को सराहा है।

### अंतरिम जमानत मिलने पर हुई थी फरार

जनसंपर्क अधिकारी के.के. जोशी ने बताया कि एसटीएसएफ ने पिछले वर्षों में इस गिरोह के 31 सदस्य गिरफ्तार किए हैं। लाचुंगपा को पहली बार सितंबर 2017 में हिरासत में लिया गया था, लेकिन अंतरिम जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गई थी। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने वर्ष 2019 में उसकी अग्रिम जमानत को खारिज कर दिया था। एसटीएसएफ और केंद्रीय वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो की संयुक्त टीम ने कम तापमान वाले कठिन क्षेत्रों में योजनाबद्ध घेराबंदी कर लाचुंगपा को गिरफ्तार किया। इसके लिए सिक्किम पुलिस का भी अहम सहयोग रहा। गिरफ्तारी के बाद उसे गंगटोक न्यायालय में पेश किया गया और ट्रांजिट वारंट के माध्यम से मध्यप्रदेश लाया जा रहा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 'मदर मैरी कम्स टू मी' की बिक्री पर रोक नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अरुंधति राय की पुस्तक 'मदर मैरी कम्स टू मी' की बिक्री और प्रचार पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि ये पब्लिसिटी स्टंट नजर आ रहा है। इसके पहले केरल उच्च न्यायालय भी 13 अक्टूबर को इस तरह की याचिका खारिज कर चुका है। केरल उच्च न्यायालय से याचिका खारिज होने के बाद याचिकाकर्ता राजसिम्हम ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि पुस्तक के कवर पेज पर लेखिका को सिगरेट पीते हुए दिखाया गया है, इसलिए इसे सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम का उल्लंघन मानते हुए इस किताब की बिक्री और प्रचार पर रोक लगाई जाए। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि अरुंधति राय एक जानी-मानी लेखिका हैं। उन्होंने ऐसी किसी चीज को प्रमोट नहीं किया है। किताब में चेतावनी भी है। इसलिए हमें उच्च न्यायालय के आदेश में दखल देने का कोई कारण नहीं दिखता।

### 'आदिनाथ मंदिर ध्वस्त कर बनाई गई आदिना मस्जिद'

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की ऐतिहासिक आदिना मस्जिद को लेकर विवाद एक बार फिर राजनीति के केंद्र में आ गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य शामिक भट्टाचार्य ने शुक्रवार को सदन में यह मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि मालदा स्थित आदिना मस्जिद का निर्माण एक प्राचीन आदिनाथ मंदिर को ध्वस्त कर किया गया था। शून्यकाल के दौरान बोलते हुए भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि मस्जिद के परिसर में आज भी मंदिर के अवशेष स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। उनके अनुसार, वहां कमल के प्रतीक, देवी–देवताओं के चिह्न और यहां तक कि गणेश जी की मूर्ति मौजूद है, जो यह संकेत करते हैं कि यह स्थल पहले मंदिर था। उन्होंने मुर्शिदाबाद में तृणमूल कांग्रेस विधायक हुमायूं कबीर द्वारा हाल ही में एक 'बाबरी मस्जिद' की आधारशिला रखने के दावे पर भी कड़ी आपत्ति जताई।

### 'उम्मीद' पोर्टल पर वक्फ संपत्ति पंजीकरण की मियाद बढ़ी

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने वक्फ संपत्तियों के अनिवार्य ऑनलाइन पंजीकरण की आखिरी तारीख तीन महीने आगे बढ़ाने की घोषणा की है। मंत्रालय ने यह फैसला उन लोगों की सुविधा के लिए लिया है, जो दस्तावेज़ों की कमी या तकनीकी दिक्कतों के कारण समय पर पंजीकरण नहीं करा पाए। रिजिजू ने बताया कि संसद द्वारा पारित वक्फ संशोधन अधिनियम और सुप्रीम कोर्ट की समय–सीमा न बढ़ाने की स्पष्ट टिप्पणी के कारण इससे अधिक अवधि बढ़ाना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसी पर जुर्माना नहीं लगाएगी और नए विस्तार की अवधि में सभी संपत्तियों को पंजीकृत करने का अवसर दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री के अनुसार कर्नाटक, पंजाब और जम्मू–कश्मीर में पंजीकरण तेज रहा है, जबकि कुछ बड़े राज्यों में प्रक्रिया धीमी रही। उन्होंने सलाह दी कि जिन लोगों ने अभी प्रक्रिया शुरू नहीं की है।

# दीप प्रज्ज्वलन : मदुरै प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी

**सुब्रमण्यम मंदिर में दीया जलाने के मद्रास हाईकोर्ट आदेश पर विवाद**



एजेंसी । नई दिल्ली

तमिलनाडु के मदुरै प्रशासन ने थिरुप्परनकुंद्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर में पुराने दीपाथून पिलर पर कार्तिगई दीपम (पवित्र दीया) जलाने के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस मामले में मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने 4 दिसंबर को पवित्र दीया जलाने का आदेश दिया था। आदेश में यह निर्देश दिया गया था कि प्रशासन दीया जलाने में हस्तक्षेप न करे। मंदिर परिसर के पास एक दरगाह होने के कारण यह मामला संवेदनशीलता और साम्प्रदायिक दृष्टि से चर्चा में आया है।

### तब खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

मदुरै प्रशासन ने यह कदम तब उठाया जब हाईकोर्ट की डिवीजन पीठ ने सिंगल पीठ के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। सिंगल पीठ द्वारा दीया जलाने का निर्देश जारी किए जाने के बाद प्रशासन ने इस आदेश का पालन नहीं किया और उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। प्रशासन की याचिका में मुख्य रूप से सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और धार्मिक स्थलों के समीप संवेदनशीलता के दृष्टिकोण से आदेश की समीक्षा की मांग की गई है। अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई करेगा और आगे की कार्रवाई तय करेगा।

# LCA-1A को मिला पांचवां जीई-404 इंजन



एजेंसी । नई दिल्ली

**स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) मार्क-1ए के निर्माण में तेजी लाने के लिए अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को पांचवां जीई-404 इंजन सौंप दिया है। इस साल के अंत तक भारत को कुल 12 इंजन मिलने की उम्मीद है, जिससे विमान उत्पादन में ठहराव के बाद गति आने की संभावना बढ़ गई है।**

**साल के अंत तक मिल सकते हैं कुल 12 इंजन, उत्पादन में गति आने की उम्मीद**

एचएएल को मार्च से नए विमान की आपूर्ति करनी थी, लेकिन अमेरिका से इंजन की देर से उपलब्धता के कारण वितरण में देरी हुई थी। अब बुनियादी समस्याओं के समाधान के बाद उत्पादन सुचारू रूप से चलने की उम्मीद जताई जा रही है। भारत ने फरवरी 2021 में एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए विमानों के लिए 48,000 करोड़ रुपये का अनुबंध किया था। इसमें 73 सिंगल-सीट लड़ाकू और 10 ट्विन-सीट ट्रेनर विमान शामिल थे। पहले जताई गई डिलीवरी 2024 में होनी थी।

### 80 तकनीकी हस्तांतरण पर बातचीत

एचएएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील ने बताया कि कंपनी जीई के एफ–414 इंजनों के लिए 80 प्रतिशत तकनीकी हस्तांतरण पर बातचीत कर रही है, जो भविष्य के उन्नत एलसीए मार्क–2 और स्वदेशी मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) को शक्ति प्रदान करेगा। डॉ. सुनील ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में 10 इंजन मिलने की संभावना है और शेष अगले मार्च तक आएंगे। पहले 10 विमानों का ढांचा तैयार हो चुका है।

### अगले साल 20 और इंजन की उम्मीद

उन्होंने उम्मीद जताई कि इंजन संबंधी समस्याओं के समाधान के बाद उत्पादन में तेज़ी आएगी। इसके अलावा, अगले साल जीई 20 और इंजन देने का वादा कर चुका है, जिसके लिए उच्चस्तरीय बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इस उपलब्धि से भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान कार्यक्रम को मजबूती मिली है और वायु सेना की आधुनिककृत क्षमता में वृद्धि की राह साफ हुई है।

### एचएएल बना रहा 180 विमान

इस बीच, रक्षा मंत्रालय ने 25 सितंबर 2025 को 97 अतिरिक्त एलसीए मार्क–1ए विमानों के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इसमें 68 सिंगल–सीट और 29 ट्विन–सीट ट्रेनर विमान हैं, जिनकी डिलीवरी 2027–28 से शुरू होकर छह वर्षों में पूरी की जाएगी। इस प्रकार एचएएल को भारतीय वायु सेना के लिए कुल 180 विमानों का निर्माण करना है। एचएएल को पहला इंजन इस साल 26 मार्च को मिला था। इसके बाद क्रमशः दूसरा इंजन 13 जुलाई, तीसरा 11 सितंबर और चौथा 30 सितंबर को मिला। पांचवां इंजन आज प्राप्त होने के बाद, उत्पादन और आपूर्ति का मार्ग स्पष्ट हो गया है।

लाल किला ब्लास्ट

# शोएब अली की NIA हिरासत बढ़ी

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने लाल किला ब्लास्ट मामले के मुख्य आरोपित शोएब अली की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) हिरासत 10 दिनों के लिए बढ़ा दी। शुक्रवार को उनकी मौजूदा हिरासत समाप्त हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले, कोर्ट ने 26 नवंबर को शोएब को 5 दिसंबर तक एनआईए हिरासत में भेजा था। इस मामले में अब तक एनआईए ने 7 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपित फिलहाल एनआईए हिरासत में हैं और उनसे पूछताछ जारी है, ताकि पूरी साजिश का खुलासा किया जा सके।



### उमर नबी ने किया ब्रेनवाश

जानकारी के अनुसार, राजनीति विज्ञान के स्नातक दानिश को आत्मघाती हमलावर बनाने के लिए उमर नबी ने ब्रेनवॉश किया। अक्टूबर 2024 में दानिश को कुलगाम की एक मस्जिद में डॉक्टर मॉड्यूल से मिलवाया गया और वहां से हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय भेजा गया। लाल किला के पास 10 नवंबर को आई–10 कार में ब्लास्ट हुआ था। यह कार आमिर रशीद अली के नाम पर थी। इस ब्लास्ट में 13 लोग मारे गए और 32 लोग घायल हुए थे।

### श्रीनगर के बटमालू में एसआईए की छापेमारी

**श्रीनगर।** राज्य जांच एजेंसी ने शुक्रवार को बटमालू में एक एयर–कंडीशनिंग टेक्नीशियन के घर पर छापेमारी की जिसे पहले अधिकारियों की एक टीम ने लाल किला ब्लास्ट केस की चल रही जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि जांचकर्ता हथियार सप्लाई लिंक और आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर फारूक के साथ संदिग्ध रिश्तों की जांच को बढ़ा रहे हैं। एसआईए के अधिकारियों की एक टीम ने लाल किला ब्लास्ट मामले की चल रही जांच के सिलसिले में श्रीनगर के दियारवानी बटमालू के रहने वाले तुफैल नियाज भट के बेटे के घर पर पूरी तलाशी ली।

# यूपी को मिला 18 गुना बड़ा रेल बजट : रेलमंत्री



**राज्यसभा में रेल मंत्री ने उत्तर प्रदेश में रेलवे के विकास पर दी जानकारी**

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश के रेलवे विकास के लिए अभूतपूर्व वित्तीय बढ़ोतरी की है। उन्होंने बताया कि 2014 से पहले जहां राज्य को केवल 1,100 करोड़ रुपये का रेल बजट मिलता था, वही राशि अब बढ़कर 18 गुना होकर 19,800 करोड़ रुपये हो गई है। रेल मंत्री के अनुसार इस बजट वृद्धि के चलते उत्तर प्रदेश में नई रेलवे लाइनें बिछाने, ट्रैक दोहरीकरण, स्टेशनों के आधुनिकीकरण, विद्युतीकरण और यात्री सुविधाओं को उन्नत करने वाले कई प्रोजेक्ट तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन केवल आंकड़ों में बढ़ोतरी नहीं, बल्कि केंद्र सरकार की प्रदेश की बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की प्रतिबद्धता का परिचायक है।

### बलिया और बक्सर में भी बड़े बदलाव

प्रश्नकाल के दौरान बलिया और बक्सर से जुड़ी रेलवे परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए रेल मंत्री ने बताया कि बलिया से फिलहाल 82 ट्रेन सेवाएं संचालित हो रही हैं। यहां का रेलवे स्टेशन सांस्कृतिक थीम पर नए स्वरूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर को प्रमुखता दी जा रही है। बक्सर के संदर्भ में उन्होंने कहा कि रामायण सर्किट के यात्रियों से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद स्टेशन का पुनर्निर्माण पौराणिक थीम पर किया जा रहा है।

### प्रदेश में रेल परियोजनाओं की रफ्तार तेज

कुशीनगर में ट्रेन सेवाओं के विस्तार संबंधी प्रश्न पर उन्होंने कहा कि यह बौद्ध पर्यटन के लिहाज से महत्वपूर्ण स्थल है, और यहां कनेक्टिविटी बढ़ाने पर गंभीरता से काम किया जा रहा है। लखीमपुर खीरी से जुड़े मामलों पर भी आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। रेल मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश के साथ–साथ बिहार में भी रेलवे के कई प्रोजेक्ट तेज़ गति से चल रहे हैं। स्टेशन पुनर्विकास, यात्री सुविधाओं का विस्तार, नए रूट्स, लॉजिस्टिक कॉरिडोर और अत्याधुनिक सुरक्षा प्रणालियों से रेलवे को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है।

**विमानन क्षेत्र** लंदन और पेरिस से भी महंगा घरेलू मार्गों पर सफर करना

# हवाई किराया छह हजार वाला टिकट 50 हजार में

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत के विमानन क्षेत्र इस समय गहरे संकट से गुजर रहा है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के परिचालन व्यवधान ने हवाई यात्रा को आम आदमी के लिए मुश्किल बना दिया है। तकनीकी परेशानियों और क्रू की कमी के चलते सैकड़ों उड़ानें रद्द हो रही हैं, जिससे घरेलू हवाई किराए में भारी उछाल आया है। विशेषज्ञों के अनुसार, घरेलू मार्गों पर अब टिकटों की कीमतें लंदन और पेरिस की उड़ानों से भी महंगी हो गई हैं। कोलकाता, मुंबई, उदयपुर, पटना और दिल्ली जैसे प्रमुख रूट सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। सामान्य दिनों में 6–10 हजार रुपये में मिलने वाले टिकट अब 50–60 हजार रुपये तक बिक रहे हैं।



### क्या वजह है किराए में उछाल की?

विश्लेषकों का कहना है कि यह सिर्फ उड़ानों के रद्द होने का मामला नहीं है। इंडिगो के अचानक सैकड़ों उड़ानों के रद्द होने से हजारों सीटें उपलब्धता से बाहर हो गई हैं। दूसरी एयरलाइंस जैसे विस्तारा और एयर इंडिया की सीमित सीटों के कारण यात्रियों की मांग बढ़ गई, जिससे 'डायनामिक प्राइसिंग एल्गोरिदम' के तहत टिकट कीमतें स्वचालित रूप से आसमान छू गईं। इसके अलावा, देश में शादी और छुट्टियों का पीक सीजन भी चल रहा है।

### विमानन क्षेत्र में बाजार संतुलन प्रभावित

एयरलाइन के अनुसार, यह समस्या नए एफडीटीएल नियमों और पायलट रोस्टरिंग में गड़बड़ी के कारण उत्पन्न हुई है। इंडिगो ने स्वीकार किया है कि उनके पास आवश्यक क्रू की कमी है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस बीच क्रू के विश्राम संबंधी नियमों को वापस ले लिया है। एयरलाइन ने कहा कि परिचालन सामान्य होने में कुछ समय लगेगा।

# 23 जिलों में बाल-विवाह रोकने को सबसे बड़ा अभियान शुरू

कोलकाता। देश को 2030 तक बाल-विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) ने अगले एक वर्ष में एक लाख गांवों को बाल-विवाह मुक्त घोषित करने का राष्ट्रीय अभियान शुरू किया है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण–V के आधार पर पश्चिम बंगाल के 23 जिलों को उच्च जोखिम वाले क्षेत्र मानते हुए विशेष निगरानी में रखा गया है। जेआरसी, 250 से अधिक एनजीओ के नेटवर्क के साथ, पश्चिम बंगाल में 14 संगठनों के सहयोग से काम कर रहा है और



पिछले वर्ष राज्य में 11,938 बाल-विवाह रोकने में सफल रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर यह संख्या एक लाख से अधिक रही। सर्वेक्षण के अनुसार, पश्चिम बंगाल में बाल-विवाह की दर 41.6 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत 23.3 प्रतिशत से काफी अधिक है।